दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 201 | जयपुर, शनिवार, 01 जुलाई, 2023 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष- त्रयोदशी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak


## जरूरी खबर

### मेहता फिर 3 साल के लिए सॉलिसिटर जनरल नियुक्त



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ अधिवक्ता तुषार मेहता को शुक्रवार को तीन साल के लिए भारत का सॉलिसिटर जनरल (एसजी) फिर से नियुक्त किया गया। मेहता को 10 अक्टूबर 2018 को एसजी नियुक्त किया गया था और तब से उन्हें दो बार विस्तार दिया जा चुका है। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के आदेश के अनुसार मेहता के अलावा, छह अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) को भी उच्चतम न्यायालय के लिए तीन साल की अवधि के लिए फिर से नियुक्त किया गया है। इनमें विक्रमजीत बनर्जी, के. एम. नटराज, बलबीर सिंह, एस. वी. राजू, एन वेंकटरमन और ऐश्वर्या भाटी शामिल हैं।

### विधानसभा सत्र 14 जुलाई से हो सकता है शुरू

**जयपुर।** राज्य विधानसभा का सत्र 14 जुलाई से एक बार फिर से शुरू हो सकता है। यह माना जा रहा है कि यह सत्र करीब एक सप्ताह तक चल सकता है। राज्य सरकार ने विधानसभा को इस संबंध में पत्र लिखा है। गत 21 मार्च को विधानसभा का बजट सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुआ था, जिसका अभी तक सत्रावसान नहीं हुआ है। ऐसे में अब विधानसभा का आठवां सत्र ही जारी रहेगा। माना जा रहा है कि विस चुनाव से पूर्व यह इस विधानसभा का आखिरी सत्र हो सकता है।


## पेज 2 पर

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्व सीएम राजे को दी तरजीह... खुद ने भाषण के लिए किया आमंत्रित
- पीएम मोदी के चेहरे पर जीतेंगे चुनाव... यह अमित शाह की गलतफहमी: डोटासरा


**मंत्रिमंडल की बैठक: कैबिनेट ने नए जिलों के सीमा निर्धारण के संबंध में की चर्चा... जोधपुर जिला उत्तर-दक्षिण में नहीं बंटेगा**

# नए जिलों के गठन पर लगी मुहर... जारी होगा नोटिफिकेशन

- सीमांकन पर आज शाम तक राजस्व मंत्री सौंप सकते हैं रिपोर्ट
- जयपुर ग्रामीण बनेगा नया जिला

**बेधड़क | जयपुर**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में नए जिलों के गठन पर मुहर लग गई। इस संबंध में जल्द ही नोटिफिकेशन जारी होगा।

बैठक के संबंध में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास और ममता भूपेश ने कहा कि जयपुर ग्रामीण नया जिला बनेगा।

उन्होंने बताया कि जोधपुर का भी उत्तर-दक्षिण में बंटवारा नहीं होगा। दूदू संभवतः सबसे छोटा जिला होगा। रेनवाल, फुलेरा, सांभर जोबनेर जयपुर ग्रामीण में ही रहेगा। शनिवार शाम तक राजस्व मंत्री रामलाल जाट सीएम को रिपोर्ट सौंपेंगे। पेज 2 भी देखें



### रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि नए जिला मुख्यालयों के कारण सड़क, रेल और यातायात के अन्य नवीन मार्गों का विकास होगा, जिससे विकास एवं रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे। इस बार के बजट में 19 जिलों की घोषणा की गई थी। इस क्रम में रामलुभाया समिति द्वारा प्रस्तुत की गई रिपोर्ट विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त ज्ञापनों और जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए कैबिनेट ने आकलन कर सीमा निर्धारण के संबंध में चर्चा की।

### विकास को मिलेगी नई गति

बैठक में मुख्यमंत्री ने बताया कि इन नवीन जिलों से राज्य के विकास को एक नई गति मिलेगी और आमजन की सुगमता बढ़ेगी। साथ ही, प्रदेश के विकास संबंधी योजनाओं का क्रियान्वयन और मॉनिटरिंग अधिक प्रभावी ढंग से होगी, जिससे आमजन को सरकारी योजनाओं, सुविधाओं और सेवाओं का लाभ शीघ्र मिल सकेगा। नए जिलों से प्रदेश के पिछड़े और दूरस्थ क्षेत्रों तक जिला प्रशासन और उसके माध्यम से सरकार की पहुंच और अधिक सुगम होगी। इससे इन क्षेत्रों के लोगों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण होगा। दीवानी मामलों के न्यायालय नजदीक होने से आमजन के समय और धन की बचत होगी।

### कानून-व्यवस्था होगी और प्रभावी

सीएम गहलोत ने कहा कि जिलों का आकार संतुलित होने से कानून व्यवस्था पर अधिक प्रभावी नियंत्रण हो सकेगा। जिससे अपराधों पर अंकुश लगेगा। इससे आमजन एवं जिला प्रशासन में सवांद बढ़ेगा और जन अभाव अभियोगों का जल्द और प्रभावी निस्तारण संभव होगा। नए जिला मुख्यालयों के कारण जिला मुख्यालय और आसपास के क्षेत्र में शहरीकरण तथा औद्योगीकरण में बढ़ोतरी से निवेश बढ़ेगा। नवीन कार्यालयों एवं बढ़े हुए प्रशासनिक मानव संसाधन के कारण आमजन से जुड़ी आवश्यक सेवाएं और अधिक प्रभावी ढंग से दी जा सकेंगी।

**मंत्रियों ने मुख्यमंत्री से पूछी कुशलक्षेम:** कैबिनेट एवं मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद सभी मंत्रियों ने सीएम की कुशलक्षेम पूछी। डॉक्टर्स टीम ने बताया सीएम के स्वास्थ्य परीक्षण बाद कहा कि उनकी सेहत में सुधार हो रहा है।

**कन्हैया हत्याकांड में शाह- गहलोत के बीच वार-पलटवार**

# कन्हैयालाल के हत्यारों को NIA ने पकड़ा: अमित शाह

## झूठ बोल रहे शाह, हत्यारे BJP के सक्रिय कार्यकर्ता: गहलोत



### राहुल गांधी पीएम बने तो घोटाले देश की नियति बन जाएंगे

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि अभी कुछ दिन पहले कांग्रेस सहित 15 विपक्षी दलों के नेता पटना में इकठ्ठा हुए थे। यह 15 विपक्षी दल कौन थे। इन पर लगभग 20 लाख करोड़ रुपए के घपले-घोटाले और भ्रष्टाचार के आरोप हैं, जबकि मोदी सरकार पर विरोधी भी भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा सके। ये भ्रष्टाचारी विपक्षी पार्टियां राहुल गांधी को पीएम बनाना चाहती हैं। यदि गलती से भी राहुल गांधी प्रधानमंत्री बने तो घपले, घोटाले और भ्रष्टाचार ही देश की नियति बन जाएगी। कांग्रेस की गहलोत सरकार में कानून.व्यवस्था की स्थिति दयनीय है।

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में रास्ता कहे जाने वाले मेवाड़ में शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहुंचे। जहां गांधी ग्राउंड में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कन्हैयालाल हत्याकांड और भ्रष्टाचार के मामले में गहलोत सरकार पर जमकर निशाना साधा। साथ ही, देश में मोदी सरकार के खिलाफ एकजुट हो रही विपक्षी पार्टियों पर भी हमला बोला। इस दौरान अमित शाह के कन्हैयालाल दर्जी हत्याकांड को लेकर दिए गए बयान पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पलटवार करते हुए कहा कि शाह झूठ बोल रहे हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि उदयपुर में कन्हैयालाल हत्याकांड पर भी गहलोत राजनीति कर रहे हैं। गहलोत हत्यारों को तो पकड़ना भी नहीं चाहते थे, एनआईए ने पकड़ा और गहलोत झूठ बोलते हैं कि कार्रवाई नहीं हुई। मैं डंके की चोट के साथ कहता हूं कि स्पेशल कोर्ट में सुनवाई की होती तो हत्यारे फांसी पर लटक चुके होते। यही नहीं, जयपुर ब्लास्ट के आरोपियों की सुनवाई के लिए गहलोत सरकार के एडवोकेट जनरल के पास समय नहीं है।

### गहलोत सरकार 3 डी से घिरी हुई

शाह ने कहा कि सन 2000 में जयपुर में बम ब्लास्ट हुआ था तब राजस्थान में भाजपा की वसुंधरा सरकार थी। सबको पकड़ कर जेल में डाला गया, लेकिन गहलोत सरकार के एडवोकेट जनरल को इस मामले में पैरवी करने की फुर्सत ही नहीं थी। सब के सब आरोपी छूट गए। कांग्रेस की गहलोत सरकार 3डी से घिरी हुई सरकार है। 3डी का मतलब है। दंगा, महिलाओं से दुर्व्यवहार और दलितों पर अत्याचार।

### हत्यारों को राजस्थान पुलिस ने पकड़ा था



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शाह के इस बयान पर ट्वीट कर कहा कि यह उम्मीद की जाती है कि जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग आतंकवाद जैसे गंभीर मुद्दे पर राजनीति नहीं करेंगे, परन्तु शाह ने जो किया वह एक गैर जिम्मेदाराना कार्य है। शाह ने झूठ बोला कि कन्हैयालाल के हत्यारों रियाज अत्तारी और गौस मोहम्मद को एनआईए ने पकड़ा, जबकि सत्य यह है कि इन्हें घटना के महज चार घंटों में राजस्थान पुलिस पकड़ लिया था। यह दुखद घटना 28 जून 2022 को हुई थी, जबकि एनआईए को इस केस की फाइल 2 जुलाई 2022 को ट्रांसफर हुई। शाह को संभवत: जानकारी में होगा कि ये दोनों हत्यारे भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता थे। उन्हें ये जांच करवानी चाहिए कि इन दोनों के मददगार कौन भाजपा नेता थे, जो इनके लिए पुलिस थानों में फोन करते थे। यह एक ओपन एंड शट केस में चार्जशीट फाइल होने के बाद भी इतना अधिक समय क्यों लगा और इन्हें अब तक सजा क्यों नहीं हुई? गहलोत ने ट्वीट में एनआईए को जांच सौंपने का ऑर्डर भी सार्वजनिक किया।

### गहलोत ने नहीं बनाया फास्ट ट्रैक कोर्ट



सीएम के इस ट्वीट के बाद नेता प्रतिपक्ष राठौड़ ने जवाब देते हुए कहा कि कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपियों को एक वर्ष बाद भी सजा नहीं मिलने के जिम्मेदार गहलोत हैं। एनआईए ने 22 दिसंबर 2022 को ही सेशन न्यायालय उदयपुर में चार्जशीट पेश कर दी थी। जबकि राज्य सरकार द्वारा अब तक फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन नहीं किया गया है।

## प्रदेश में बारिश का दौर जारी... आज भी अलर्ट

**बेधड़क | जयपुर**


प्रदेशभर में मानसून की दस्तक के बाद से ही जगह-जगह बारिश की गतिविधियां जारी हैं। राज्य की डेढ़ दर्जन से अधिक जगहों पर शुक्रवार को दिनभर रुक-रुक कर बारिश हुई।

सर्वाधिक बारिश उदयपुर में 61.6 एमएम, चित्तौड़गढ़ में 46.1 एमएम, सिरोही और डूंगरपुर में 24-24 एमएम, राजधानी जयपुर में 16.2 एमएम के साथ ही भीलवाड़ा, सीकर, नागौर, चूरू, झालावाड़, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, धौलपुर, टोंक, सवाईमाधोपुर, बूंदी, कोटा, बारां समेत कई जगह दिन से शुरू हुई बारिश रात तक जारी रही।

श्रीगंगानगर को छोड़कर राज्य की सभी जगहों का अधिकतम तापमान शुक्रवार को भी 40 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। वहीं खराब मौसम के चलते उदयपुर में फ्लाइट लैंड नहीं कर सकी जिसके बाद उसे जयपुर के लिए रवाना करना पड़ा।

**मोदी और पुतिन ने फोन पर की बात...**

## PM का यूक्रेन पर वार्ता का रास्ता अपनाने का आह्वान





**एजेंसी | नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति पुतिन के बीच शुक्रवार को टेलीफोन पर बातचीत हुई और इस दौरान द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति की समीक्षा के साथ ही प्रधानमंत्री ने यूक्रेन के साथ जारी युद्ध पर बातचीत व कूटनीति का रास्ता अख्तियार करने का फिर आह्वान किया।

पीएमओ ने एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ ने कहा, "उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति की समीक्षा की और आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।" बातचीत के दौरान राष्ट्रपति पुतिन ने मोदी को रूस में हाल के घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी। बयान में कहा गया कि यूक्रेन की स्थिति पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने बातचीत और कूटनीति का रास्ता अख्तियार करने का अपना आह्वान दोहराया। दोनों नेताओं ने संपर्क में रहने और दोनों देशों के बीच विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के प्रयास जारी रखने पर सहमति व्यक्त की।






**ग्लोबल वॉर्मिंग का असर निजी संबंधों पर**

# भारत में गर्मी की वजह से बढ़ रही घरेलू हिंसा

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारत में तापमान बढ़ने से घरेलू हिंसा में बढ़ोतरी हुई है। एक इंटरनेशनल अध्ययन में यह खुलासा हुआ है कि भारत ही नहीं, बल्कि उसके पड़ोसी देश नेपाल, पाकिस्तान में भी यही हाल है। दरअसल, ग्लोबल वॉर्मिंग का असर अब निजी संबंधों पर पड़ने लगा है। यह आने वाले समय के लिए बहुत खतरनाक हो सकता है। भारत, पाकिस्तान, नेपाल की 15 से 49 वर्ष की 1.94 लाख से ज्यादा महिलाओं ने यह शिकायत की है कि साथ यौन हिंसा की घटनाएं बढ़ी हैं। बता दें, यह डेटा एक अक्टूबर 2010 से 30 अप्रैल 2018 के बीच का है। यह अध्ययन हाल ही में जेएएमए साइकाइट्री जर्नल में प्रकाशित हुई है।



### भविष्य में और ज्यादा पड़ेगी गर्मी...

वैज्ञानिकों के अनुसार सालाना तापमान जब एक डिग्री सेल्सियस बढ़ता है, तब हिंसा की घटनाएं (आईपीवी) 4.9 प्रतिशत बढ़ जाती है। इस कारण सबसे ज्यादा हिंसा दर्ज होती है। अध्ययन के मुताबिक शारीरिक हिंसा सबसे प्रमुख है जो करीब 23 प्रतिशत है जबकि 12.5 प्रतिशत के साथ भावनात्मक हिंसा और 9.5 प्रतिशत के साथ यौन हिंसा क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर है।

### बढ़ते तापमान से बढ़ता तनाव

इस अनुसंधान पत्र को लिखने वाले चीन स्थित फुदान विश्वविद्यालय के रेनजी चेन ने 'पीटीआई-भाषा' को ईमेल के जरिए बताया, "अधिक समय तक गर्मी के संपर्क में रहने का संबंध अड्रेनलिन हार्मोन के स्राव से होता है जिससे मनोवैज्ञानिक उत्तेजना बढ़ सकती है। इसके साथ ही इससे मस्तिष्क के स्वास्थ्य पर विपरीत असर हो सकता है जिसका नतीजा घरेलू हिंसा के रूप में सामने आ सकता है।"

### 2090 के हालात का अनुमान

अध्ययन में वर्ष 2090 तक जलवायु परिवर्तन की विभिन्न परिस्थितियों पर विचार करने के बाद अनुमान लगाया गया है कि गर्मी पड़ने पर शारीरिक और यौन हिंसा क्रमश: 28.3 प्रतिशत और 26.1 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच जाएगी, जो भावनात्मक हिंसा में वृद्धि के अनुमानित आंकड़े 8.9 प्रतिशत से कहीं अधिक होगा।

## जरूरी खबर

### शासी परिषद की 99वीं बैठक हुई आयोजित



**जयपुर।** राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मंडल शासी परिषद की 99वीं बैठक शुक्रवार को शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला की अध्यक्षता में आयोजित हुईं। शिक्षा मंत्री कल्ला ने पाठ्यपुस्तकों के उपापन व मंडल कार्मिकों की बकाया पेंशन देने की कार्यवाही को नियमानुसार शीघ्र पूरी करने के निर्देश भी प्रदान किए। स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने अधिकारियों को मंडल के विरूद्ध न्ययायिक प्रकरणों में प्रभावी पैरवी करने के निर्देश दिए। बैठक में पाठ्य पुस्तकों की बिक्री बढ़ाने के लिए पुस्तकों की उपलब्धता, प्रचार-प्रसार और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए 25 लाख का अनुमोदन भी किया गया।

### वन विभाग आज से शुरू करेगा पौध वितरण



**जयपुर।** वन विभाग की ओर से 'ट्री आउटसाइड फॉरेस्ट इन राजस्थान' (टीओएफआर) योजना के तहत प्रदेश में लाखों पौधे तैयार किए गए हैं। इन्हें विभिन्न जिलों की नर्सरियों में तैयार किया गया। विभाग पौधों का वितरण शनिवार से शुरू करेगा। पौधे सभी कार्य दिवसों एवं कार्यालय समय में नकद भुगतान प्राप्त किए जा सकेंगे।

### आज से पर्यटकों के लिए बंद हो जाएंगे टाइगर रिजर्व



**जयपुर।** राजस्थान में 1 जुलाई से टाइगर रिजर्व पार्क पर्यटकों के लिए बंद हो जाएंगे। रणथंभौर, सरिस्का टाइगर रिजर्व में अब 3 माह तक कोई पर्यटन गतिविधि नहीं होगी। रणथम्भौर टाइगर रिजर्व में शुक्रवार को टूरिज्म सीजन का आखिरी दिन था। रणथम्भौर टाइगर रिजर्व के टूरिज्म डीएफओ संदीप चौधरी ने बताया कि साल 2022-23 में पर्यटन से राज्य सरकार को 45 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। वहीं 2021-22 में 23 करोड़ रुपए का राजस्व मिला था।

---

**वसुंधरा बोलीं- राजस्थान का कश्मीर है उदयपुर,** प्रदेश में हो रही धर्म परिवर्तन जैसी घटनाएं

# शाह ने राजे को दी तरजीह, भाषण के लिए किया आमंत्रित

■ राठौड़ को इशारा कर स्वयं से पहले पूर्व सीएम को संबोधन के लिए बुलाया

**बेधड़क** | जयपुर

उदयपुर में शुक्रवार को हुई केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की जनसभा के दौरान प्रदेश की राजनीति में हलचल बढ़ाने वाली तस्वीर सामने आई। जिसको लेकर राजनीतिक हल्कों में कयासों का दौर शुरू हो गया है। जनसभा में हुए इस वाक्ये का वीडियो भी काफी वायरल हो रहा है। यह वाक्या पूर्व सीएम वसुंधरा राजे से जुड़ा है। सभा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ को इशारा कर अपने से पहले पूर्व सीएम वसुंधरा राजे को भाषण के लिए आंमत्रण दिया।

जिसके बाद सूबे की राजनीति में यह वाक्या चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल, सभा के दौरान गृहमंत्री के स्वागत के बाद प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने भाषण दिया। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष राठौड़ ने भाषण देने के लिए गृह मंत्री शाह को मंच पर बोलने के लिए आमंत्रित किया, लेकिन शाह ने मंच पर बैठे-बैठे ही राठौड़ को इशारा करते हुए वसुंधरा राजे को भाषण के लिए आमंत्रित करने को कहा।




यही नहीं गृह मंत्री के इस इशारे के बाद जब राजे ने फिर शाह को कहा कि पहले आप ही जाइए, तो शाह ने हाथ जोड़कर राजे को बोलने के लिए कहा, जिसके बाद पूर्व सीएम राजे मंच पर पहुंचीं और भाषण दिया।

### शेखावत ने की वसुंधरा की तारीफ

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सभा के दौरान वसुंधरा सरकार के कार्यकाल की तारीफ की। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पूरा सिस्टम पिछले पांच साल में बिगड़ गया है। उससे पहले यहां डबल इंजन की सरकार थी। भाजपा सरकार हर काम को जमीन पर उतार रही थी और प्रदेश पहले नंबर पर था। सभा के दौरान प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ व अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### वसुंधरा ने गहलोत सरकार पर बोला हमला

राजे ने कहा कि उदयपुर राजस्थान का कश्मीर है जो गहलोत के नेतृत्व में आतंकवाद की भेंट चढ़ गया है। कन्हैयालाल की 28 जून 2022 को हुई निर्मम हत्या से राजस्थान कांप उठा था। सीएम वोटबैंक की राजनीति कर रहे हैं। राजे ने शाह से कहा कि आपने कश्मीर के अंदर आतंकवाद खत्म कर दिया। वहां तो शांति का एक नया कश्मीर बना दिया, लेकिन राजस्थान का कश्मीर कहा जाने वाला उदयपुर आतंकवाद की भेंट चढ़ चुका है। बिहार, पश्चिम बंगाल से लोग आकर राजस्थान उदयपुर में वैमनस्य और कट्टरवाद फैलाने का काम कर रहे हैं। क्या गहलोत को यह पता नहीं हैं, नौ सालों में मोदी ने वो कर दिखाया जो आज तक गैर कांग्रेस सरकारें नहीं कर पाईं। राजे ने कहा कि गहलोत सरकार तो पिछले 4 साल में खुद का उत्थान करने में लगी हुई हैं। कांग्रेस सरकार ने भ्रष्टाचार के रिकॉर्ड कायम कर दिए हैं। सीएम तो जो कर रहे हैं वो कर ही रहे हैं, उनके मंत्री और अधिकारी भी बिना पैसों के काम नहीं करते हैं। आज राजस्थान में धर्म परिवर्तन करवाया जा रहा है। पूरे राजस्थान में यह आवाज जगह-जगह उठ रही है।

---

**राज्य मंत्रिमंडल की बैठक** में लिए कई अहम फैसले

# अब साल भर इंतजार नहीं, वेतन में बढ़ोतरी की होंगी दो तिथियां

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर राज्य मंत्रिमंडल की बैठकहुई। बैठक में कई मुद्दों पर अहम निर्णय लिए गए।

बैठक में प्रदेश के सभी विद्यालयों में संविधान की उद्देशिका व मौलिक कर्तव्यों का पाठन, कर्मियों के लिए में पहली वेतन वृद्धि 6 माह में करने, प्रदेश के युवाओं को राजकीय सेवा में ज्यादा अवसर देने के संबध में निर्णय लिए गए। वहीं संस्कृत विद्यालयों में कंप्यूटर शिक्षा और राजस्थान आईएलडी स्किल्स यूनिवर्सिटी का नाम 'दी विश्वकर्मा स्किल्स यूनिवर्सिटी' करने सहित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंत्रिमंडलकी बैठक में मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, बीडी कल्ला, ममता भूपेश, भंवर सिंह भाटी सहित कई मंत्री मौजूद रहे।



### ILD अब 'दी विश्वकर्मा स्किल्स यूनिवर्सिटी'

मंत्रिमंडल ने 'चेंज ऑफ नेम एंड अमेंडमेंट बिल 2023' के प्रारूप को मंजूरी देते हुए दी राजस्थान आईएलडी स्किल्स यूनिवर्सिटी का नाम बदलते हुए 'दी विश्वकर्मा स्किल्स यूनिवर्सिटी' किया है। इससे कुलपति की नियुक्ति की प्रक्रिया और नए प्रावधानों के लिए ऑर्डिनेंस लाने की प्रक्रिया शुरू हो सकेगी।

### प्रथम वेतन वृद्धि 6 माह में ही

राजस्थान सिविल सेवा (पुनरीक्षित वेतन) नियम 2017 में संशोधन के प्रस्ताव को बैठक में मंजूरी दी गई है। इससे कार्मिकों की पदोन्नति या एसीपी लगने पर पदोन्नति पद के पे-लेवल में समान सेल होने पर आगामी सेल में वेतन नियत हो सकेगा। इससे कार्मिक के वेतन में वृद्धि होगी। वहीं वर्तमान में एक ही वेतन वृद्धि की तिथि के स्थान पर अब दो वेतन वृद्धि की तिथियां (1 जनवरी और 1 जुलाई) निर्धारित की गई है। इससे कार्मिकों को प्रथम वेतन वृद्धि 6 माह में ही मिल जाएगी। इन संशोधनों से विभिन्न सेवाओं के पदनाम भी सेवा नियमों के अनुरूप हो जाएंगे।

### महिला कार्मिकों को दी राहत

राजस्थान सिविल सर्विसेज (अलॉटमेंट ऑफ रेजिडेंशियल एकोमोडेशन) रूल्स, 1958 में संशोधन किया गया हैं। इसके तहत जिन महिला राजकीय कर्मचारी को राजकीय आवास आवंटित किया जा चुका है। वे अब आवास को मातृत्व अवकाश की समाप्ति तक सामान्य किराए पर रख सकेंगी।

### प्रदेश के अभ्यर्थियों को सरकारी सेवा में मिल सकेंगे अधिक अवसर

मंत्रिमंडल ने राजकीय सेवाओं में प्रदेश के अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक नियोजत करने और शीघ्रलिपि में दक्ष अभ्यर्थी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजस्थान अधीनस्थ कार्यालय लिपिक वर्गीय सेवा नियम 1999, राजस्थान सचिवालय लिपिक वर्गीय सेवा नियम 1970 और आरपीएससी (लिपिकवर्गीय एवं अधीनस्थ सेवा) नियम और विनियम 1999 में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इसके अंतर्गत शासन सचिवालय, अधीनस्थ कार्यालयों व आरपीएससी से संबंधित मंत्रालयिक सेवा नियमों में शीघ्रलिपिक, निजी सहायक ग्रेड-सेकेंड के पाठ्यक्रम में राजस्थान के सामान्य ज्ञान को वेटेज देने का प्रावधान किया गया है।

### स्कूलों में मौलिक कर्तव्यों का पाठन

मंत्रिमण्डल की बैठक में प्रदेश के सभी विद्यालय में संविधान की उद्देशिका और मौलिक कर्तव्यों का पाठन आरंभ करने का निर्णय लिया गया है। इससे प्रदेश की युवा पीढ़ी का देश के महान संविधान, लोकतंत्र व राष्ट्रीयता पर विश्वास, गर्व और अधिक सुदृढ़ हो सकेगा। विद्यालयों में प्रति शनिवार नो बैग डे पर संविधान का पाठ पढ़ाया जाएगा।

### संस्कृत विद्यालयों में कंप्यूटर शिक्षा

मंत्रिमंडल ने संस्कृत शिक्षा विभाग में राजस्थान संस्कृत शिक्षा राज्य व अधीनस्थ सेवा (विद्यालय शाखा) नियम, 2015 में वरिष्ठ कंप्यूटर अनुदेशक व बेसिक कंप्यूटर अनुदेशक के पदों को सम्मिलित करने और नई अनुसूची जोड़कर इन पदों पर भर्ती के संबंध में स्कीम व सिलेबस को शामिल करने के प्रारूप का अनुमोदन किया है।

---

**किसान महोत्सव का शुभारंभ**

# किसानों को समृद्ध बनाना ही प्रमुख उद्देश्य: कटारिया




**बेधड़क** | जयपुर

कृषि एवं पशुपालन मंत्री लालचन्द कटारिया ने कहा कि किसानों को खुशहाल एवं समृद्ध बनाना राज्य सरकार का प्रमुख उददेश्य है। इसी उददेश्य के साथ दूसरी बार अलग से कृषि बजट पेश कर राजस्थान ने देशभर में मिसाल कायम की है। कृषि बजट में किसानों के लिए नई योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 12 कृषि मिशन शुरू किए गए हैं।

कृषि मंत्री शुक्रवार को जोधपुर के मंडोर स्थित कृषि विश्वविद्यालय में दो दिवसीय संभाग स्तरीय कृषि महोत्सव के शुभारम्भ समारोह को संबोधित कर रहे थे। कटारिया ने कहा कि कृषक कल्याण कोष की राशि को बढ़ाकर 7 हजार 500 करोड़ रुपए कर दिया गया है। जिससे किसानों को ज्यादा फायदा हो सकेगा। उन्होंने कहा कि किसानों को प्रतिमाह 2000 यूनिट बिजली निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है, जिससे महंगाई से राहत मिलने के साथ ही उनकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो सकेगी।

कटारिया ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में कृषि शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए साढ़े चार वर्ष में 49 कृषि कॉलेज खोले हैं। वहीं राज्य में पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक पशुपालक के दो पशुओं का 40-40 हजार रुपए का निःशुल्क बीमा करने के लिए महंगाई राहत कैंपों में रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है।

इससे पूर्व कृषि मंत्री ने गौपूजन किया और कृषि प्रदर्शनी व स्मार्ट फार्म का अवलोकन किया। कटारिया ने कृषि कार्य करते हुए मृतक किसानों के परिजनों को राजीव गांधी कृषक साथी सहायता योजना के अन्तर्गत 2-2 लाख रुपए की राशि के चैक प्रदान किए।

---

**एसएमएस अस्पताल** के चरक भवन की घटना

# ऑपरेशन के बाद 17 मरीजों की आंख में संक्रमण, जांच के आदेश

**बेधड़क** | जयपुर

सवाई मानसिंह अस्पताल के चरक भवन के नेत्र रोग विभाग में आंख के आपरेशन के बाद 17 मरीजों की आंख में संक्रमण हो गया है। मामला अस्पताल प्रशासन के सामने आने के बाद सभी सामान्य ऑपरेशन दो दिनों तक बंद कर दिए गए हैं।

नेत्र रोग विभाग में तीन दिन में हुए 71 ऑपरेशन के बाद चिकित्सकों ने जब मरीजों की रूटीन जांच की तो 17 मरीजों में स्यूडोमोनास इंफेक्शन पाया गया। जांच में सामने आया कि स्यूडोमोनास इंफेक्शन के कारण कई मरीजों की आंखों में सूजन, लाल होने और धुंधलापन की शिकायत मिली थी। एसएमएस अस्पताल अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। संक्रमण के लक्षण पाए जाने के बाद मरीजों का वरिष्ठ आचार्य के निर्देशन में इलाज किया जा रहा है।




अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने बताया कि चरक भवन में ऑपरेशन थिएटर को बंद करके वहां लगी तमाम मशीनों, उपकरणों और दवाइयों की जांच करवाई जा रही है। इंफेक्शन फैलने के कारणों का पता चल सके। इस मामले की जांच के लिए एक कमेटी बनाई है।

---

**'बेहतर भारत की बुनियाद'** कार्यक्रम आज से

# यूथ कांग्रेस 75 लाख नए युवा वोटों को जोड़ने के लिए चलाएगी अभियान

**बेधड़क** | जयपुर

यूथ कांग्रेस का "बेहतर भारत की बुनियाद' अभियान शनिवार को जयपुर ग्रामीण क्षेत्रों में शुरू होगा। अभियान को शुरू करने को लेकर प्रदेश यूथ कांग्रेस प्रभारी मोहम्मद शाहिद शुक्रवार को जयपुर पंहुचे।

विधानसभा चुनाव को देखते हुए यूथ कांग्रेस की ओर से 75 लाख नए युवा वोटों को जोड़ने को लेकर यह अभियान चलाया जा रहा है। वहीं 26 से 28 को बेंगलुरु में युवा कांग्रेस का अधिवेशन भीहोगा। जिसमें 'बेहतर भारत की बुनियाद' थीम पर आयोजन होगा। आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। अधिवेशन का आयोजन युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास अपने गृह राज्य में कर रहे हैं। करीब 300 प्रतिनिधि बेंगलुरु अधिवेशन में शामिल होंगे।



### इस एजेंडे पर होगा अधिवेशन

- 2024 के लोकसभा चुनाव की बनेगी रणनीति
- राजस्थान, एमपी और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव
- महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दे पर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रस्ताव
- अधिवेशन में संगठन के कार्यों की समीक्षा की जाएगी
- बूथ जोड़ो यूथ जोड़ो अभियान को आगे बढ़ाया जाएगा
- कांग्रेस देश में फिर से कैसे सत्ता में आए इसे लेकर रोडमैप बनेगा

---

**शाह के बयान पर कांग्रेस का पलटवार**

# मोदी के चेहरे पर जीतेंगे चुनाव... यह अमित शाह की गलतफहमी: डोटासरा

■ BJP नेतृत्व घोषणा कर सकता है कि नेताओं के परिजनों नहीं देंगे टिकट

**बेधड़क** | जयपुर

उदयपुर में शुक्रवार को गृह मंत्री अमित शाह की सभा के बाद कांग्रेस ने भाजपा पर पलटवार किया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री को यह गलतफहमी है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़कर भारतीय जनता पार्टी संसद की 300 सीटें जीत सकती है। जबकि हिमाचल, पंजाब और हाल ही में हुए कर्नाटक चुनाव में मोदी के चेहरे पर वोट नहीं मिलने की बात सच साबित हुई है। जब से विपक्षी दलों ने एकता के साथ पटना में मीटिंग की है।



भारतीय जनता पार्टी के नेता बौखला कर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। पीसीसी चीफ ने शाह के उदयपुर में दिए भाषण पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा ने ध्रुवीकरण की राजनीति करने के लिए कन्हैयालाल हत्याकांड का मुद्दा उठाया। ताकि राजस्थान में धार्मिक उन्माद का वातावरण बना सके। उन्होंने कहा कि मणिपुर जल रहा है। वहां लोग परेशानी में हैं, लेकिन प्रधानमंत्री विदेश दौरे कर रहे हैं और भाजपा नेता धार्मिक उन्माद फैलाने के लिए राजस्थान आ रहे हैं।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने वंशवाद के आरोपों का दिया जवाब

शुक्रवार को अमित शाह ने सभा में कांग्रेस पर वंशवाद की राजनीति का आरोप लगाया। इसके जवाब में डोटासरा ने कहा कि क्या भाजपा वाले यह घोषणा कर सकते हैं, वो नेताओं के परिवार के सदस्यों को चुनाव में टिकट नहीं देंगें। डोटासरा ने कहा कि क्या भाजपा नेता कह सकते हैं कि किसी भी राज्य में किसी भी नेता के बेटे, रिश्तेदार या पत्नी को कभी टिकट नहीं देंगे। अगर कर सकते हैं तो पहले यह घोषणा करके अमल कीजिए और उसके बाद वंशवाद जैसे सवाल उठाएं। डोटासरा ने उन भाजपा नेताओं के बेटे-बेटियों के नाम बताए जो राजनीति में हैं और पार्टी से पूछा कि क्या चुनाव में इन नेताओं को टिकट नहीं दिया जाएगा।

### ईआरसीपी पर शाह ने एक शब्द नहीं बोला

डोटासरा ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जल जीवन मिशन के कार्यों को आधार बनाकर केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री की पीठ थपथपाई, लेकिन भूल गए कि राजस्थान की भौगोलिक स्थिति और क्षेत्रफल के कारण राजस्थान प्रदेश को विशेष पैकेज मिलना चाहिए था। ईआरसीपी पर शाह ने एक शब्द नहीं बोला।

### जनता हमारे काम से खुश और भाजपा बौखलाई: राठौड़

राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष और राज्य मंत्री धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सरकार रिपीट होगी और हमारी पार्टी 150 से ज्यादा सीटें लाकर वापस सत्ता पर काबिज होगी। राठौड़ ने कहा कि भाजपा सिर्फ लोगों को भ्रमित और नफरत की राजनीति करती है। भाजपा का काम प्रदेश में सांप्रदायिक माहौल को बिगाड़ना है, लेकिन हम उनके इन मंसूबों को कभी भी कामयाब नहीं होने देंगे। चुनाव से पहले ही भाजपा में मुख्यमंत्री बनने के लिए कलह और घमासान शुरू हो गया है। भाजपा के नेताओं के बीच भावी मुख्यमंत्री बनने की होड़ मची हुई है, जो जग जाहिर है। केंद्र सरकार की महंगाई और बेरोजगारी से प्रदेश ही नहीं वरन देशवासी प्रताड़ित हैं। जो भारतीय जनता पार्टी को सबक सिखाने का मन बना चुके हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार के मंत्री और विधायक प्रशासनिक तालमेल से बेहतरीन कार्य कर प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं।



**सच बेधड़क की मुहिम: जनप्रतिनिधियों के साथ ही सामाजिक संगठनों और व्यापार मंडलों का मिला समर्थन**

# सरकारी अस्पतालों में गवर्नमेंट संभाले पार्किंग, निशुल्क हो व्यवस्था

बेधड़क | जयपुर

सरकारी अस्पतालों में पार्किंग की व्यवस्था की निःशुल्क हो, सच बेधड़क की इस मुहिम को आमजनता और जनप्रतिनिधियों के बाद सामाजिक संगठनों और व्यापारियों का समर्थन भी मिला है। सच बेधड़क ने बुधवार के अंक में 'अस्पतालों में इलाज, दवा, जांच सब फ्री तो पार्किंग शुल्क वसूली क्यों?' हेडिंग से खबर प्रकाशित की थी।

इसके बाद गुरुवार को आमजन और जन प्रतिनिधियों के अलावा शुक्रवार को सामाजिक संगठनों और व्यापारियों ने इस मुहिम को आम जनता की आवाज एवं सामाजिक बदलाव वाली बताया। सच बेधड़क से सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने बताया कि जब सरकार अस्पतालों में सभी सुविधाएं मुफ्त देने का दावा कर रही है तो पार्किंग भी सुविधाओं में ही शुमार होती है। इसे आमजन के लिए बिल्कुल मुफ्त किया जाना चाहिए। यहां सुविधा बनाने के लिए पार्किंग स्टाफ सरकार की ओर से लगाया जाना चाहिए। दो व्यक्तियों की नियुक्ति कर दी जाए तो एक पर्ची देने के लिए और एक अंदरपार्किंग व्यवस्था संभालने के लिए तैनात किया जा सकेगा। इससे व्यवस्था भी नहीं बिगड़ेगी और आमजन को पार्किंग मुफ्त भी मिलने लगेगी।




### पार्किंग फ्री सिस्टम बने



"सरकार की ओर से इसका सिस्टम ऐसे किया जा सकता है कि मरीज के परिजनों को अस्पताल की ओर से पर्ची जारी की जाए, जिसके बाद उसे दिखाने पर पार्किंग फ्री हो जाए।

**सूरज सोनी,** अध्यक्ष, जन समस्या निवारण मंच राजस्थान

### सरकारी कर्मी लगाएं



"सरकारी अस्पतालों में पार्किंग को ठेके पर देने की बजाय खुद के कर्मचारी लगाकर चलाए। सरकार प्रति मरीज कई हजार का खर्चा कर ही रही है तो पार्किंग शुल्क भी नहीं लेना चाहिए।

**विष्णु जायसवाल,** अध्यक्ष, प्रदेश जन कल्याण संघर्ष समिति

### सरकार वहन करे खर्च



"सरकारी अस्पतालों में पार्किंग को निःशुल्क किया जाना चाहिए। सरकार को ठेके से पार्किंग चलानी है तो ठेकेदार को पैसे दे और मरीज और परिजन से पार्किंग के नाम पर शुल्क नहीं लिया जाए।

**महेंद्र सोनी,** सामाजिक अन्वेषण एवं शोध संस्थान

### लोगोंकोमिलेगीसहूलियत



"पार्किंग शुल्क को फ्री करके सरकार को इसी की तरह कोई सरकारी सिस्टम के तहत यहां व्यवस्था की जानी चाहिए, जिससे पार्किंग की व्यवस्था भी बनी रहे और आमजन को समस्या से छुटकारा भी मिल सके।

**हरीश केडिया,** अध्यक्ष कार्यकारी जयपुर व्यापार महासंघ जयपुर

### मेंटेनेंस की भी हो व्यवस्था



"पार्किंग निःशुल्क भी की जाए तो मेंटेनेंस व्यवस्था प्रॉपर होनी चाहिए। अगर पार्किंग में शुल्क भी लिया जाता है तो वह सामान्य से काफी कम कीमतों पर लिया जाना चाहिए।

**महेश शर्मा,** अध्यक्ष विप्र कल्याण बोर्ड

### ...तो पार्किंग शुल्क क्यों?



"अगर सरकार को अस्पतालों में सुविधाएं फ्री देनीं हैं तो पूरी ही फ्री दी जाएं। पार्किंग के नाम पर जो शुल्क लिया जा रहा है, वह गलत है। सरकार को इसे भी फ्री करना चाहिए।

**ललित सांचोरा,** अध्यक्ष, व्यापार मंडल

### निजी में भी हो फ्री पार्किंग



"सरकारी अस्पताल ही नहीं प्राइवेट में भी पार्किंग शुल्क नहीं लिया जाना चाहिए। पार्किंग फ्री करके कोई उचित व्यवस्था कर दी जाएगी तो जनता को राहत मिलेगी।

**दीपक जग्गा,** अध्यक्ष नसरोवर व्यापार मण्डल

## जरूरी खबर

### लक्ष्य को नीट की तैयारी में मदद करेंगी मुनेश गुर्जर



**जयपुर।** बारहवीं कक्षा में 91.20 प्रतिशत अंक लाने वाले मेधावी छात्र लक्ष्य अब नीट की तैयारी आसानी से कर पाएगा। लक्ष्य नीट की तैयारी कर डॉक्टर बने, इसके लिए हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर ने अपना एक माह का वेतन देकर उसकी मदद करने की मुहिम चलाई है। शुक्रवार को महापौर ने लक्ष्य और उसके माता-पिता निगम मुख्यालय बुलाया और अपने एक माह के वेतन का चैक उसे सौंप दिया। महापौर की इस मुहिम का समर्थन करते हुए पार्षद उम्रदराज ने भी 5100 रुपए की मदद की है। लक्ष्य के पिता विजय चतुर्वेदी ने बताया कि आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण उन्होंने कई कोचिंग संस्थाओं से लक्ष्य को नीट की तैयारी रियायती दर पर कराने की बोली, लेकिन किसी भी संस्था ने सहयोग नहीं किया। इस पर लक्ष्य ने महापौर को पत्र लिख कर आगे की पढ़ाई के लिए मदद मांगी थी। लक्ष्य ने मदद करने पर महापौर को सिविल लाइंस से विधायक बनने की शुभकामनाएं दी है। मुनेश गुर्जर ने पार्षद, अधिकारी और आमजन से भी लक्ष्य की मदद करने की अपील की है।

### भारद्वाज ने संभाली एयरफोर्स स्टेशन की कमान



**जयपुर।** ग्रुप कैप्टन विनय भारद्वाज ने शुक्रवार को वायु सेना स्टेशन जयपुर के स्टेशन कमांडर का पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होने सेवानिवृत्ति हुए ग्रुप कैप्टन दवेश सिंह की जगह स्थान ग्रहण किया। पदभार ग्रहण समारोह में स्टेशन के सभी रैंकों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

**निशुल्क कोचिंग पर रार: विवि ने कहा-जगह खाली करे संस्थान**

# यूनिवर्सिटी ने APTC सेंटर पर ठोका ताला, छात्र भड़के

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान यूनिवर्सिटी में चल रही फ्री कोचिंग को लेकर विश्वविद्यालय और कोचिंग संस्थान आमने-सामने हो गए हैं। विवाद के चलते यूनिवर्सिटी प्रशासन ने एपीटीसी सेंटर पर शुक्रवार को ताला लगा दिया। इसके बाद छात्रों ने कुलपति सचिवालय का घेराव कर जमकर हंगामा किया। यूनिवर्सिटी ने संस्था को शनिवार तक जगह खाली करने को कहा है।

गौरतलब है कि राजस्थान विश्वविद्यालय के एपीटीसी सेंटर में राजीव गांधी वेलफेयर सोसायटी द्वारा एक पहल संस्थान की ओर से निशुल्क कोचिंग शुरू की गई थी। सोसायटी का सरकार के साथ के एक एमओयू हुआ था, जिसके तहत एक पहल संस्थान को प्रदेश के सभी 545 सरकारी कॉलेज में निशुल्क ऑनलाइन कक्षाओं का प्रसारण करना था। साथ ही एपीटीसी सेंटर आरयू में ऑनलाइन कक्षाएं लगानी थी।

ऑनलाइन और ऑफलाइन कक्षाओं का उद्घाटन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किया था। इस संबंध में युनिवर्सिटी से कोई लिखित में समझौता नहीं हुआ था। ऐसे में युनिवर्सिटी प्रशासन ने 27 जून को संस्थान के अध्यक्ष देव अमित सिंह को पत्र लिखसेंटर खाली करने के निर्देश दिए थे।

**मुख्यमंत्री ने किया था निशुल्क कक्षाओं का उद्घाटन**



### 13 हजार स्टूडेंट्स का रजिस्ट्रेशन

एक पहल संस्था की ओर से एपीटीसी सेंटर पर ऑफलाइन कक्षाओं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाया गया था। संस्थान के अध्यक्ष देव अमित सिंह ने बताया कि निशुल्क कोचिंग के करीब 13 हजार स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन करवाया है।

### खाली नहीं किया तो करेंगे कार्रवाई

"संस्था द्वारा निशुल्क ऑनलाइन क्लासेज शुरू करने के लिए सिर्फ एक कमरा मांगा गया था, लेकिन धीरे-धीरे पूरे सेंटर पर ही कब्जा कर लिया। इसकी वजह से यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले छात्रों को परेशानी हो रही थी। नए सत्र से सेंटर में राजस्थान ज्यूडिशल सर्विस की क्लासेस शुरू होने वाली है। ऐसे में देव अमित को पत्र लिख यूनिवर्सिटी के छात्रों को ही ऑनलाइन क्लासेज में शामिल करने के लिए कहा गया है। जल्द से जल्द सेंटर खाली नहीं किया तो सख्त कार्रवाई करेंगे।

**रामसिंह चौहान,** निदेशक एपीटीसी सेंटर

### पढ़ाई से छात्र रहेंगे वंचित

"हजारों स्टूडेंट्स के लिए आईएएस आरएएस निशुल्क कोचिंग संस्थान ने शुरू की थी। अब विवि प्रशासन ने सेंटर खाली करवाने का आदेश जारी कर दिया। ऐसे में अब सैकड़ों बच्चे पढ़ाई से वंचित रह जाएंगे।

**देव अमित,** अध्यक्ष एक पहल संस्था

### प्रवेश पर लगे रोक

"निशुल्क कोचिंग केवल संघटक कॉलेज के छात्रों को लिए ही होनी चाहिए। बाहरी बच्चों के प्रवेश पर रोक लगनी चाहिए।

**अक्षय सिंह,** इकाई अध्यक्ष एनएसयूआई

### सरकार की केवल चुनावी घोषणा

"सरकार ने केवल चुनावी घोषणा की है। राजनीतिक मंशा के कारण विश्वविद्यालय का दुरुपयोग किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के नियमित स्टूडेंट्स की व्यवस्था विश्वविद्यालय में करके अन्य की व्यवस्था सरकार अपने स्तर पर करे।

**भारत भूषण,** इकाई अध्यक्ष एबीवीपी

**उपमहापौर का महापौर को पत्र**

# डेयरी बूथ आवंटन मामले की जांच हो

बेधड़क | जयपुर



ग्रेटर नगर निगम में डेयरी बूथ आवंटन में हुई अनियमितताओं व भ्रष्टाचार की जांच में हो रही देरी पर उप महापौर पुनीत कर्णावट ने महापौर सौम्या गुर्जर को पत्र लिखा है। इस संबंध में उप महापौर ने पत्र में लिखा कि 15 जून को महापौर सौम्या गुर्जर ने लाइसेंस कमेटी के चेयरमैन रमेश सैनी की अध्यक्षता में चार सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था। समिति को 15 दिवस में विस्तृत जांच रिपोर्ट मय समिति की अभिशंषा प्रस्तुत करनी थी। समिति से जांच के विषय में पूछने पर पता चला है कि निगम आयुक्त महेंद्र सोनी ने अभी तक समिति को कोई दिशा निर्देश ही जारी नहीं किए हैं।

### मानसरोवर जोन में जल्द शुरू होंगे इलेक्ट्रिक हूपर

बेधड़क | जयपुर

राजधानी स्थित मानसरोवर जोन में 10 से 15 जुलाई तक इलेक्ट्रिक हूपर कचरा संग्रहण करते हुए नजर आएंगे। इसको लेकर सभी तैयारियां लगभग पूरी की जा चुकी हैं। मानसरोवर जोन कमिश्नर मुकेश चौधरी ने बताया कि निगम की और से इन हूपरों की मॉनिटरिंग की जाएगी। हूपर वार्ड में नहीं जाता है तो पेनल्टी का प्रावधान रखा है। ई-हूपर के जरिए एक बार में अधिकतम 600 किलोग्राम तक कचरा परिवहन किया जा सकता है। इधर, इलेक्ट्रिक हूपर्स के शुरू होने के बाद प्रदुषण में थोड़ी कमी आएगी। गौरतलब है कि जोन के करीब 21 वार्ड में 63 हूपर्स से कचरा संग्रहण की समस्या कहीं हद तक खत्म हो जाएगी।

### पार्षदों के खिलाफ मामला सोची समझी-साजिश

बेधड़क | जयपुर

हेरिटेज निगम अतिरिक्त आयुक्त राजेन्द्र वर्मा और महापौर मुनेश गुर्जर के बीच अब मामला और ज्यादा तनावपूर्ण हो गया है। महापौर सहित 15 पार्षदों के खिलाफ मामला दर्ज होने पर उन्होंने बड़ा सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि विवाद के दिन मेरे कक्ष में 50 से अधिक पार्षद थे और सभी राजेन्द्र वर्मा से फाइल पर साइन नहीं करने पर बात कर रहे थे, फिर किस साजिश के तहत सिर्फ 15 पार्षदों के खिलाफ ही मामला दर्ज किया गया है। शुक्रवार को पार्षदों के साथ हुई एक बैठक के बाद महापौर ने कहा कि राजेन्द्र वर्मा ने सोची समझी साजिश के तहत चुनिंदा पार्षदों को टारगेट किया है।

**शैल्बी अस्पताल में विटामिन ई पॉली के साथ टक्सप्लास्टी**

# जयपुर में नई तकनीक से पार्शियल नी रिप्लेसमेंट

बेधड़क | जयपुर

जयपुर के चिकित्सकों ने टक्सप्लास्टी विटामिन ई पॉली के साथ एक नए प्रकार की पार्शियल नी रिप्लेसमेंट सर्जरी की है। यह सर्जरी करने वाले चित्रकूट स्थित शैल्बी अस्पताल व सीनियर जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. दीपक सैनी का दावा है कि ऐसा राजस्थान में पहली बार जयपुर में किया गया है। चिकित्सकों का कहना है कि टक्सप्लास्टी एक नई तकनीक की नी रिप्लेसमेंट प्रोसेस है और पारंपरिक पार्शियल नी रिप्लेसमेंट की तुलना में इसके खास फायदे हैं। डॉ. दीपक सैनी ने बताया कि मरीज कृष्णा देवी के घुटनो को चोट लगी थी और इसलिए हमने उनके मामले में टक्सप्लास्टी करने का फैसला किया। मरीज कृष्णा देवी ने बताया कि डॉ. दीपक सैनी ने उन्हें यह सर्जरी करने की सलाह दी, जिसके बाद मेरी रिकवरी बहुत तेजी से हुई। जयपुर में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी डॉ. प्रतीक शर्मा ने कहा कि जॉइंट रिप्लेसमेंट के लिए शैल्बी अस्पताल की स्थापना प्रसिद्ध सर्जन डॉ. विक्रम शाह ने की है।




**ट्राई की रिपोर्ट में खुलासा**

# जियो से जुड़ाव, एयरटेल से थोड़ा मोह और VI से दूरी

बेधड़क | जयपुर

रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड (जियो) ने प्रदेश में 2.57 लाख से अधिक मोबाइल ग्राहकों और 15 हजार से अधिक वायरलाइन ग्राहकों को जोड़कर अपना नेटवर्क और ज्यादा मजबूत कर लिया है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) द्वारा हालिया जारी अप्रैल माह के आंकड़ों में इसका खुलासा हुआ।

मोबाइल नेटवर्क यानी वायरलेस सेगमेंट में ग्राहकों को जोड़ने के मामले में मार्केट लीडर रिलायंस जियो अपने प्रतिद्वंदियों से आगे नजर आई। समान अवधि में एयरटेल ने मात्र 80 हजार ग्राहक जोड़े, जो जियो द्वारा जोड़े गए ग्राहकों से तीन गुना से भी अधिक कम हैं।




### BSNL सहित अन्य कम्पनियां पिछड़ी

जियो के मुकाबले में वोडाफोन आइडिया और बीएसएनएल का हाल तो और भी खराब है। राजस्थान में वोडाफोन आइडिया ने अप्रैल 2023 में 1.11 लाख ग्राहक गंवा दिए तो बीएसएनएल ने 16 हजार ग्राहक खोए। उधर, वायरलाइन सेगमेंट में जियो के 15 हजार ग्राहकों के मुकाबले भारतीय एयरटेल 3638 और बीएसएनएल 454 नए ग्राहक बना पाई। जियो राजस्थान में ग्राहकों की पहली पसंद बन कर उभरा है। वायरलाइन और वायरलेस सेगमेंट में रिलायंस जियो का राजस्थान में कुल ग्राहक आधार 30 अप्रैल, 2023 तक 2.54 करोड़ था। इसी अवधि में भारती एयरटेल, वोडाफोन आइडिया और बीएसएनएल के कुल ग्राहक आधार क्रमशः 2.27 करोड़, 1.02 करोड़ और 63 लाख दर्ज किए गए। प्रदेश में कुल दूरसंचार ग्राहकों की संख्या 6.45 करोड़ है।

### हर जगह नेटवर्क होने का मिल रहा फायदा

राजस्थान में जियो का नेटवर्क 99.5% आबादी को कवर करता है। यह उसकी तीव्र वृद्धि का प्रमुख कारण है। प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले जियो की अधिकतर साइटें फाइबर से जुड़ी हैं, जिससे नेटवर्क की स्पीड और क्षमता काफी बढ़ जाती है। पिछले कई वर्षों से जियो 'ट्राई स्पीड टेस्ट' में पहले पायदान पर खड़ा नजर आता है। कंपनी के अधिकारियों का दावा है कि वह पूरे राजस्थान में अपने ट्रू 5जी नेटवर्क का तेजी से विस्तार कर रही है और अधिकांश प्रमुख शहरों और कस्बों सहित सभी जिला मुख्यालयों को पहले ही कवर कर चुकी है। पूरे प्रदेश में तेजी से ट्रू 5जी सेवाओं को शुरू करके जियो का लक्ष्य अपने ट्रू 5जी कवरेज को मजबूत करना है।




## जरूरी खबर

### आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने वाला गिरफ्तार



**झालावाड़।** सोशल मीडिया पर धार्मिक भावना आहत करने वाला वीडियो पोस्ट करने के मामले में अभियुक्त परवेज खान पुत्र जुम्मा खां (35) को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि शनिवार को अरविन्द लाडोती ने परवेज खान के खिलाफ सोशल मीडिया के जरिए हिन्दु समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना की गम्भीरता देखते हुए आरोपी परवेज खान को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है।

### कूलर से करंट की चपेट में आए मासूम की मौत

**चित्तौड़गढ़।** जिले के रावतभाटा इलाके में करंट की चपेट में आने से एक मासूम की मौत हो गई। कूलर में करंट दौड़ रहा था। इसी दौरान खेल-खेल में मासूम का हाथ कूलर से टच हो गया और वह अचेत हो गया। मासूम को आनन-फानन में हॉस्पिटल ले जाया गया। हॉस्पिटल में उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार लाहोटी हॉस्पिटल के पीछे 4 साल का देवराज पुत्र श्याम बारेसा अपने घर पर खेल रहा था। इस दौरान कूलर पर हाथ लगाने से वह करंट की चपेट में आ गया। परिवार के लोग उसे एक प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए, जहां उपचार के दौरान कुछ ही समय बाद उसने दम तोड़ दिया।

### विषाक्त भोजन करने से पूरा परिवार बीमार



**धौलपुर।** धौलपुर में जहरीली खीर खाने से एक परिवार के 4 लोगों की तबीयत बिगड़ गई। चारों लोगों की हालत ज्यादा खराब होने पर परिजनों ने सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इनमें से एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और परिजनों से पूछताछ की। घटना धौलपुर के निहालगंज थाना क्षेत्र में शिवनगर कॉलोनी की है। जानकारी के अनुसार, चरण सिंह परिहार, पत्नी गुड्डी और उसके दोनों बेटे विकास और विवेक ने गुरुवार रात खीर खाई थी। सुबह करीब 4 बजे अचानक एक के बाद एक परिवार के सभी लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी, जिसके बाद सभी को अस्पताल ले जाया गया।

---

रामगंजमंडी विधायक ने स्वायत्त शासन मंत्री एवं विभाग के आलाधिकारियों पर लगाए आरोप

# फेकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट में करोड़ों का घोटाला: दिलावर

बेधड़क | कोटा

भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं रामगंजमंडी विधायक मदन दिलावर ने स्वायत्त शासन विभाग की ओर से स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्रदेश की नगर पालिकाओं में बनाए जा रहे फेकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांटों में 900 करोड़ रुपए के घोटाले के आरोप लगाए हैं।

दिलावर ने आरोप लगाया कि मंत्री शांति कुमार धारीवाल सहित विभाग के आलाधिकारियों ने मिलीभगत कर जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया। दिलावर ने प्रेस वार्ता कर बताया कि अन्य राज्यों में



बनाए गए फेकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट की लागत से दस गुना अधिक राशि से प्रदेश में ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जा रहे हैं।

दिलावर ने बताया कि प्रदेश में 5 केएलडी फेकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट को 6.77 करोड़ में बनाया जा रहा है, जबकि महाराष्ट्र में यही प्लांट 11.20 लाख में बनाया गया है। इसी प्रकार 35 केएलडी फेकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट 12.32 करोड़ रुपए में बनाया जा रहा है, जबकि मध्यप्रदेश में 50 केएलडी फेकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट की लागत 66.50 लाख है।

महाराष्ट्र में 20 केएलडी फेकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट की लागत 27.00 लाख है, वहीं राजस्थान में 9.47 करोड़ में बनाया जा रहा है। पूरे देश में राजस्थान के अलावा किसी भी राज्य में इतनी अधिक राशि में फेकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण नहीं हुआ है।

### मनमाने ढंग से कर दिए टेंडर

दिलावर ने बताया कि मनमाने ढंग से टेंडर देने के अलावा अधिकारियों ने टेंडर में ऐसी शर्तें लगाईं कि इसके लिए केवल दो फर्म ही क्वालीफाई कर पाईं। पूर्व में भी सभी टेंडर इन दोनों फर्मों को बांट दिए गए थे। इस बार अधिकारियों व विभाग के मुखिया ने जो काम लगभग 200 करोड़ की लागत में होना था, उसे 1100 करोड़ से अधिक की लागत का बताकर कार्यादेश जारी कर दिया। पूर्व में विभाग द्वारा 100 फेकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट की लागत 124.85 करोड़ आंकी गई थी। यह आंकलन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स, सीडीडी सोसायटी द्वारा प्रदेश सरकार एवं नेशनल फेकल स्लज एंड सेप्टेज अलाइन्स के सहयोग से किया गया था, लेकिन विभाग के अधिकारी और मंत्री 900 करोड़ रुपए से अधिक सरकारी धन का दुरूपयोग कर अपनी जेबें भरने में जुटे हैं।

### सीबीआई व ईडी से जांच कराने की मांग

दिलावर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से निवेदन करते हुए कहा है कि स्वायत्त शासन विभाग में हुए 900 करोड़ के घोटाले की जांच सीबीआई व ईडी से करवाएं और स्वायत्त शासन मंत्री शान्ति कुमार धारीवाल को तत्काल प्रभाव से मंत्री पद से बर्खास्त किया जाए। दिलावर ने कहा कि यदि मुख्यमंत्री भ्रष्ट मंत्री व अधिकारियों के खिलाफ सात दिवस मे एफआईआर दर्ज नहीं करवाएंगे, तो वे स्वयं इन सभी के विरूद्ध पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करवाने को मजबूर होंगे।

### गाइडलाईन को नहीं किया फॉलो

दिलावर ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा वर्ष 2018 में फेकल स्लज सेप्टेज मैनेजमेंट की गाइडलाईन जारी की थी। जिसके अनुसार 20 किमी. की त्रिज्या में आने वाले इलाकों के लिए केवल एक प्लांट ही बनाया जाएगा, जिससे धन की बर्बादी ना हो। वहीं गाइड लाईन के उलट बाली और फालना के बीच 6 किलोमीटर की दूरी में अलग-अलग फेकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जा रहे हैं, जो कि नियमों के विरुद्ध है।

---

बेटी के ससुराल से लौटते वक्त हुई दुर्घटना, 20 लोग घायल

# जुगाड़ को ट्रोले ने मारी टक्कर हादसे में 2 महिलाओं की मौत

■ आठ घायलों को एसएमएस अस्पताल में किया रेफर

बेधड़क | दौसा

दौसा के मित्रपुरा पेट्रोल पंप और भांडारेज मोड़ के बीच जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर सड़क हादसे में 2 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि करीब 20 लोग घायल हो गए। हादसा गुरुवार देर रात आगरा हाईवे पर मेडिकल कॉलेज के पास हुआ।

जानकारी के मुताबिक हादसे का शिकार हुए लोग जुगाड़ में सवार होकर बेटी के ससुराल से लौट रहे थे, तभी रास्ते में गाड़ी को ट्रोले ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद जुगाड़ पलट गया। हादसे के बाद चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को संभाला। इधर, सूचना पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से 20 घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे में 2 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 8 गंभीर घायलों को जयपुर के एसएमएस अस्पताल में रेफर किया गया है।



### जामणा लेकर गया था परिवार

घायल के परिजनों ने बताया कि झापडावास गांव का एक परिवार जुगाड़ गाड़ी से जामणा (बेटी के बच्चा होने पर ससुराल में उपहार- भेंट) लेकर महेश्वरा गांव में गया था। जहां से देर रात वापस लौटते समय भांडारेज मोड़ के पास ट्रोले और जुगाड़ में टक्कर हो गई। जिससे जुगाड़ अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में दो महिलाओं कजोड़ी और गुन्नू पुत्री राम खिलाड़ी की मौत हो गई। वहीं घायलों में बोदूराम, संपत्ति, रामधन, ममता, अनिता, गोमा देवी, विमला देवी, सपना, खुशबू, उग्रसेन समेत अन्य शामिल हैं। जिनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने गंभीर हालत में मुकेश, गुड्डी, राजंती, परी समेत अन्य लोगों को जयपुर रेफर कर दिया है।

## दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत, तीन लोगों की मौत

बेधड़क | हनुमानगढ़

हनुमानगढ़ में दो कारों की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि हादसे में इंद्राज पुत्र अमरसिंह और ओमकार पुत्र जयसिंह की मौत हो गई है। दोनों कार में बैठे चार अन्य गंभीर घायलों को डॉक्टरों ने हनुमानगढ़ जिला अस्पताल रेफर किया। इनमें संदीप, कुलदीप, साहिल और संजय शामिल थे। कुलदीप की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हरियाणा के सिरसा के रहने वाले ओमकार अपने दो बेटों साहिल और संदीप के साथ रावतसर की तरफ से आ रहा था। वहीं दूसरी कार में कुलदीप, इंद्राज और संजय सवार थे, वे रावतसर से नोहर की ओर जा रहे थे। इस दौरान कारों की भिड़ंत हो गई।

## रोडवेज और स्लीपर बस में टक्कर, 24 यात्री घायल

बेधड़क | नागौर

जिले के खींवसर के पास शुक्रवार को बड़ा सड़क हादसा हो गया है। यहां ताड़ावास चौराहे पर रोडवेज बस और स्लीपर बस की भिड़ंत में 24 यात्री घायल हो गए। इनमें से 4 यात्रियों की हालत गंभीर है, जिन्हें जोधपुर रेफर किया गया है।

जानकारी अनुसार खींवसर बस डिपो से रोडवेज तेज रफ्तार से हाईवे पर चढ़ी। इस दौरान जोधपुर से हरिद्वार-नागौर की तरफ जा रही स्लिपर बस से रोडवेज बस की भिड़ंत हो गई। स्लिपर बस के चालक ने बचने के चक्कर में बस को डिवाइडर पर चढ़ा दिया। इस दौरान स्लिपर बस का चालक भी घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि रोडवेज बस चालक की गलती से यह हादसा हुआ। बसों की भिड़ंत के बाद रोडवेज बस का चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है।

---

आरोपी को ग्रामीणों ने पीटा

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवती की गोली मारकर हत्या



बेधड़क | सवाई माधोपुर

जिले के बाटोदा थाना क्षेत्र में 24 वर्षीय युवती की हत्या करने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक ने युवती पर देसी कट्टे से फायर कर दिया। हादसे में युवती के सिर में गोली लगी। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही युवती की मौत हो गई। मामला बाटोदा थाना क्षेत्र के बरनाला कस्बे का है। इधर घटना के बाद ग्रामीणों ने फायरिंग के एक आरोपी को पकड़कर पेड़ से बांध दिया और जमकर पिटाई की।

लगभग तीन घंटे तक आरोपी को पेड़ से बांधे रखा गया। पुलिस प्रशासन की समझाइश के बाद आरोपी को डिटेन कर अस्पताल ले जाया गया। वहीं, मृतका पूजा मीणा का शव बरनाला सीएचसी में रखा गया। जानकारी के बाद मौके पर एफएसएल टीम भी पहुंची। देर रात बाटोदा थाना पर प्रकरण दर्ज किया गया।

मृतका के चाचा नाथूलाल पुत्र अर्जुन मीणा ने बताया कि उसकी भतीजी पूजा अपने घर पर मौजूद थी। गुरुवार को आरोपी भानु प्रताप पुत्र रामविलास मीणा निवासी लालसोट, अंकित पुत्र घनश्याम मीणा निवासी मलारना डूंगर, कुलदीप मीणा निवासी बगड़ी उनके घर आए और युवती से छेड़छाड़ करने लगे। पूजा ने जब इसका विरोध किया तो भानु प्रताप ने देसी कट्टे से फायर कर दिया। गोली सीधे पूजा के सिर में जा लगी।

घटना के बाद मौके पर पड़ोसी भी इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर पेड़ से बांध दिया और जमकर पिटाई की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

पुलिस ने घर पर छापा मारकर बरामद की 188 ग्राम ब्राउन शुगर

# ड्रग्स बेचने वाली चार सगी बहनें गिरफ्तार

बेधड़क | बांसवाड़ा

राज तलाब थाना पुलिस ने शुक्रवार को इंदिरा कॉलोनी के एक घर में छापा मारकर 188.4 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की है। इस मामले में ब्राउन शुगर के अवैध कारोबार से जुड़ी 4 सगी बहनों को भी गिरफ्तार किया है। इसके अलावा 4 अन्य लोगों को भी नामजद किया गया है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। बांसवाड़ा एडिशनल एसपी कान सिंह भाटी ने बताया कि सूचना मिली थी कि इंदिरा कॉलोनी में 4 महिलाएं ब्राउन शुगर का अवैध कारोबार करती



हैं। ये प्रतापगढ़ से ब्राउन शुगर लेकर आती हैं और बांसवाड़ा गढ़ी परतापुर और अन्य जगहों पर इसकी बिक्री करती हैं।

इस मामले की पुष्टि होने पर डीएसपी सूर्यवीर सिंह और थानाधिकारी राम रूप मीणा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया, टीम में कुल 11 सदस्य थे, जिन्होंने संबंधित घर में छापा मारा। पुलिस कार्रवाई के लिए जैसे ही मौके पर पहुंची तो बाहर खड़ी एक बहन तबस्सुम ने दौड़कर दरवाजे को बंद कर दिया।

पुलिस मकान में घुसी तो पता चला कि बाकी तीन बहनें जीनत, अंजू और कायनात ब्राउन शुगर की पुड़िया बना रही थीं। मौके से 790 पुड़िया और थैली में पैक की हुई 188.4 ग्राम ब्राउन शुगर जांच की गई। इसके साथ ही दो चौपहिया वाहन और 1 स्कूटी को भी जब्त किया गया है। पुलिस ने इस मामले में जीनत खान (36) पुत्री सलीम अहमद, अंजुम (31) पत्नी समीर खान, कायनात खान (23) पुत्री सलीम अहमद और तबस्सुम खान पत्नी जावेद खान को गिरफ्तार किया है। चार अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया है। पुलिस के अनुसार इनकी पहचान कर ली गई है।

---

जांच अधिकारी कमल सिंह के खिलाफ 11 को सुनवाई

# दिव्या ने एसओजी के एएसपी के खिलाफ दायर किया परिवाद

बेधड़क | अजमेर

दो करोड़ के रिश्वत प्रकरण में एसओजी की निलंबित एडिशनल एसपी दिव्या मित्तल ने एसओजी के जांच अधिकारी आरपीएस कमल सिंह तंवर के खिलाफ न्यायालय में परिवाद दायर किया है, जिस पर सुनवाई 11 जुलाई को होगी। दिव्या मित्तल ने अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम-1 में परिवाद पेश किया है। दिव्या का आरोप है कि गलत तथ्य के आधार पर एएसपी कमल सिंह ने उन्हें गिरफ्तार किया।



मित्तल ने कहा कि तंवर को कानून का ज्ञान नहीं है या उन्होंने किसी षड्यंत्र के तहत उन्हें गिरफ्तार किया था। मित्तल का आरोप है कि इससे पहले विभागीय रंजिश के चलते उनके विरुद्ध एसीबी में प्रकरण दर्ज हुआ। गौरतलब है कि 25 करोड़ रुपए की नशीली दवाओं के मामले में जांच कर रही दिव्या मित्तल को जयपुर एसीबी ने 2 करोड़ की रिश्वत के मामले में गिरफ्तार किया था। जिसके बाद दिव्या 12 दिन बाद वह जेल से रिहा हुईं। जेल से बाहर आते ही दिव्या को एसओजी ने एनडीपीएस एक्ट के तहत फिर गिरफ्तार किया था। इसके बाद एसओजी ने दिव्या मित्तल के खिलाफ जांच जोधपुर एसओजी के एडिशनल एसपी कमल सिंह तंवर को सौंपी थी।

---

जोधपुर में भू माफियाओं के हौसले बुलंद

# जेडीए की शह पर सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण, पट्टा भी कर दिया जारी

■ जोधपुर के स्काउट गाइड भवन के गेट के सामने चल रहा निर्माण कार्य

अरुण हर्ष | बेधड़क

**जोधपुर।** शहर की सरकारी भूमि पर अतिक्रमण रोकने का जिम्मा जिस विभाग के कंधों पर है, वही विभाग भू माफियाओं के साथ मिलकर सरकारी जमीन पर पट्टे जारी कर रहा है।

ऐसा ही एक मामला सामने आया है चौपासनी जागीर के खसरा नंबर 43 में, जहां कुछ भू माफियाओं ने जोधपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ



मिलीभगत कर सरकारी भूमि पर न केवल पट्टा उठा लिया, बल्कि ग्रामीणों के विरोध के बावजूद वहां निर्माण कार्य जारी है।

भू माफियाओं ने स्काउट गाइड भवन के मुख्य दरवाजे के सामने ही नींव खोदकर रातों-रात निर्माण कार्य शुरू कर दिया। शुक्रवार सुबह जब स्काउट गाइड अधिकारियों को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने इसका विरोध किया और काम रुकवाया। चौपासनी जागीर का खसरा नंबर 43 जेडीए की खातिरदारी में है। वहीं खसरा नंबर 44 बलदेव गृह निर्माण सहकारी समिति के नाम से है। स्काउट गाइड के अधिकारियों का आरोप है कि भू माफियाओं ने जेडीए अधिकारियों से मिलीभगत कर सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया और उसके बाद जमीन का पट्टे भी ले लिया।

इस मामले को लेकर पूर्व में भी ग्रामीणों ने कई बार जेडीए, जिला कलेक्टर और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। लेकिन जेडीए अधिकारियों की शह पर अवैध निर्माण जारी है। ग्रामीणों ने जब मुख्यमंत्री कार्यालय में इसकी शिकायत दर्ज कराई तो जिला कलेक्टर ने मुख्यमंत्री कार्यालय को मार्च 2022 में अवगत कराया कि इस खसरे का लेआउट प्लान अनुमोदित नहीं है और किसी भी व्यक्ति को सरकारी पट्टा जारी नहीं किया गया है। हालांकि कुछ दिन पहले जेडीए ने इस भूमि पर पट्टा जारी किया है।

### छात्रों ने जताया विरोध

स्काउट गाइड अधिकारियों का कहना है कि स्काउट गाइड भवन का मुख्य दरवाजा हाईवे पर निकलता है, जिससे दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता था। इस को ध्यान में रखते हुए दूसरी तरफ नया गेट बनाया गया था, लेकिन गुरुवार देर रात भू माफियाओं ने गेट के सामने ही नींव खोदकर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। इस संबंध में जेडीए अधिकारियों से भी वार्ता की गई है और उन्हें इस पट्टे को खारिज करने के लिए कहा गया है।

### हाईटेंशन लाइन के नीचे पट्टे किए जारी

ग्रामीणों का आरोप है कि जिस खसरे पर जेडीए ने पट्टे जारी किए हैं, उसके ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। नियमानुसार हाईटेंशन लाइन के नीचे पट्टे जारी नहीं किए जा सकते, लेकिन सभी नियमों को ताक में रखकर अधिकारियों ने नियम विरुद्ध पट्टा जारी कर दिया।

### पूर्व में भी जेडीए ने हटाया अतिक्रमण

स्थानीय लोगों ने इस संबंध में जब पूर्व में अतिक्रमण करने का प्रयास किया गया तो जेडीए में अपनी आपत्ति दर्ज कराई, जिसके बाद पूर्व में दो बार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी। इस बार भू माफियाओं ने अपनी ऊंचे रसूख के चलते इस भूमि पर पट्टा जारी करवा लिया और अब निर्माण शुरू कर दिया है।

### कॉलोनी के लेआउट प्लान में नहीं छोड़ा गया सुविधा क्षेत्र

चौपासनी जागीर के खसरा नंबर 44 में जो कॉलोनी काटी जा रही है इस कॉलोनी में लगभग 40 प्लॉट काटे गए हैं, लेकिन इस कॉलोनी के लेआउट में सुविधा क्षेत्र नहीं छोड़ा गया है। नियमानुसार किसी भी कॉलोनी के लेआउट प्लान में 40% तक सुविधा क्षेत्र छोड़ा जाना अनिवार्य है, लेकिन यहां भी नियमों को ताक में रखकर कॉलोनी काट दी गई।

**एडमिशन अलर्ट:** JOSAA ने जारी की पहली सूची, छह राउंड्स में आवंटित होंगी सीट

# फर्स्ट राउंड सीट अलॉटमेंट रिजल्ट जारी, रिपोर्टिंग 4 जुलाई तक

बेधड़क | जयपुर/कोटा

देश के आईआईटी-एनआईटी समेत कुल 116 कॉलेजों की 57 हजार से अधिक सीटों के लिए जोसा द्वारा ज्वाइंट काउंसलिंग के प्रथम राउण्ड का सीट आवंटन जारी कर दिया गया है।



ऐसे स्टूडेंट्स जिन्हें प्रथम राउण्ड सीट आवंटन में किसी भी कॉलेज का सीट आवंटन हुआ है, उन्हें 4 जुलाई को शाम 5 बजे तक ऑनलाइन रिपोर्टिंग करनी होगी। कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि ऑनलाइन रिपोर्टिंग के दौरान विद्यार्थियों को सर्वप्रथम इनीशियल सीट अलॉटमेंट इन्फोर्मशन स्लिप डाउनलोड करनी होगी। इसके बाद आगे की काउंसलिंग में जाने के लिए फ्रीज, फ्लॉट या स्लाइड का विकल्प चुनना होगा।

डॉक्यूमेंट अपलोड व फीस जमा कराने के बाद जोसा वैरिफिकेशन अथॉरिटी द्वारा विद्यार्थियों के अपलोड किए गए दस्तावेजों को जांच कर उन्हें आवंटित सीट का कन्फर्मेशन दिया जाएगा।

अपलोड किए गए दस्तावेजों में त्रुटि पाए जाने पर विद्यार्थियों को क्वेरी के माध्यम से सूचित किया जाएगा। क्वेरी का 5 जुलाई तक रेस्पॉन्स करना आवश्यक है अन्यथा उनको मिली सीट निरस्त कर दी जाएगी। जिन विद्यार्थियों को प्रथम राउण्ड में कॉलेज का आवंटन नहीं हुआ है उन्हें ऑनलाइन रिपोर्टिंग व सीट असेपटेंस फीस जमा करने की आवश्यकता नहीं हैं। उन्हें आगे की काउंसलिंग का इंतजार करना होगा।

जोसा की ओर से दूसरे, तीसरे, चौथे, पांचवे और छठे राउंड के सीट अलॉटमेंट रिजल्ट 6, 12, 16, 21 और 26 जुलाई को जारी किए जाएंगे।


### ओपन से हुआ पहला अलॉटमेंट

जोसा काउंसलिंग के दौरान प्रथम राउण्ड के सीट आवंटन में सभी विद्यार्थियां को उनकी भरी हुई कॉलेज प्राथमिकता सूची में से कॉलेज सीट का आवंटन सर्वप्रथम ओपन रैंक के आधार पर किया गया है। ओपन से सीट नहीं मिलने की स्थिति में उनकी कैटेगिरी रैंक के आधार पर सीट का आवंटन किया गया है।

### 20% पूल आवंटन से लड़कियों को फायदा

आहूजा ने बताया कि इस वर्ष जोसा काउंसलिंग में लड़कियों को सुपर न्यूमरेरी सीटें मिलाकर 20 प्रतिशत फीमेल पूल से सीटें आवंटित की गई। इससे पीछे की रैंक वाली लड़कियों को भी अपने द्वारा भरी हुई कॉलेज ब्रांच वरीयता सूची के अनुसार शीर्ष आईआईटी-एनआईटी की कोर ब्रांचों को चुनने का अवसर प्राप्त हुआ है।

## Yuva स्टोरीज



**नये शैक्षणिक सत्र के लिए शिक्षा मंत्री ने दीं शुभकामनाएं |**
**जयपुर।** शिक्षा मंत्री डॉ. बी डी कल्ला ने प्रदेश में नये शैक्षणिक सत्र के लिए विद्यार्थियों और शिक्षकों सहित शिक्षा जगत से जुड़े अधिकारियों, कार्मिकों और शिक्षाविदों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. कल्ला ने अपने विशेष संदेश में कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने अपने कार्यकाल में स्कूली शिक्षा में प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए अपूर्व प्रयास किए हैं जिनकी बदौलत धरातल पर सकारात्मक बदलाव हुआ है और राजस्थान ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। शिक्षा मंत्री ने विद्यार्थियों को व्यसनों से दूर रहते हुए अपने स्कूल, गांव, शहर, माता-पिता और गुरुजनों का नाम रोशन करने के लिए कड़ी मेहनत और लगन से अपने अध्ययन पर पूरा ध्यान केंद्रित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों के समर्पित प्रयासों से गत सालों में बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम में निरंतर सुधार हुआ है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नए शैक्षणिक सत्र में शिक्षक स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सामुदायिक भागीदारी से छात्र-छात्राओं एवं विद्यालयों के सर्वांगीण विकास की दिशा में ठोस कार्य योजना से कार्य करेंगे।

**RBI ग्रेड बी ऑफिसर एग्जाम के एडमिट कार्ड जारी |**
**जयपुर।** भारतीय रिजर्व बैंक ने ग्रेड बी ऑफिसर एग्जाम के एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। परीक्षा में शामिल होने जा रहे कैंडिडेट्स आरबीआई की ऑफिशियल वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। ये एग्जाम 9 जुलाई को होगा। आरबीआई ने सामान्य डीआर पदों के लिए आरबीआई ग्रेड बी भर्ती एग्जाम के एडमिट कार्ड जारी किए हैं। आरबीआई ग्रेड बी फेज-1 एग्जाम चार सेक्शन में होगा। इसके अंतर्गत अंग्रेजी भाषा, सामान्य जागरुकता, मात्रात्मक योग्यता और तर्क शक्ति की पेपर होंगे।




**आरएएस भर्ती परीक्षा के आवेदन आज से |**
**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं (आरएएस) संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2023 के लिए आवेदन शनिवार से शुरू होंगे। राज्य सेवाओं के 424 व अधीनस्थ सेवाओं के 481 पदों के लिए होने वाली परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। आरपीएससी ने परीक्षा का सिलेबस शुक्रवार को वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। परीक्षा में आवेदन के लिए आयु सीमा 1 जनवरी 2024 को न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष से कम होनी चाहिए। कार्मिक (क-2) विभाग की अधिसूचना 23 सितम्बर 2022 के अनुसार जो अभ्यर्थी 31 दिसम्बर 2020 को आयु सीमा के अंदर था, उसे दिनांक 31 दिसम्बर 2024 तक आयु सीमा के भीतर ही समझा जाएगा। परीक्षा सितम्बर या अक्टूबर, 2023 में होने की संभावना है। आवेदन के लिए सामान्य और राजस्थान के क्रीमीलेयर श्रेणी के अन्य पिछड़ा वर्ग व अति पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को 600 रुपए जबकि नॉन क्रीमीलेयर श्रेणी के अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और दिव्यांगों को 400 रुपए शुल्क चुकाना होगा।

**इंस्पिरेशन:** 70 वर्ष के कोच ने बनाया 'खेल गांव'

# खिलाड़ियों को 'मान' दिलाने में जुटा वॉलीबॉल का योद्धा

बेधड़क | जयपुर

मन में कुछ करने और समाज को कुछ देने का जुनून हो तो न उम्र मायने रखती है ना कोई और बाधा रास्ता रोक सकती है।

ये साबित किया है वॉलीबॉल कोच बसंत सिंह मान ने। 70 वर्षीय बसंत सिंह पिछले चार दशकों से अधिक समय से अपने पैतृक गांव हनुमानगढ़ के सिलवाला खुर्द में युवाओं को वॉलीबॉल का प्रशिक्षण दे रहे हैं। वे अब तक हजारों युवाओं को प्रशिक्षित कर चुके हैं, जिनमें से सैकड़ों खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुके हैं।

आज बसंत सिंह का गांव 'खेल गांव' के नाम से मशहूर है। खिलाड़ियों के हुनर को निखारने के लिए उनके समर्पण का आलम ये है कि चाहे कड़कड़ाती सर्दी हो, चिलचिलाती धूप हो या मूसलाधार बारिश, हर परिस्थिति में वे प्रशिक्षण के तय समय से पहले खिलाड़ियों को मैदान में मौजूद मिलते हैं। इसी समर्पण का नतीजा है कि इस ग्रामीण इलाके में वॉलीबॉल खिलाड़ियों की एक बड़ी जमात तैयार हो गई है।





### समर्पण, अनुशासन और लगन ने बनाया खास

कोच बसंत सिंह से ट्रेनिंग ले रहे खिलाड़ियों का कहना है कि मैदान पर पहुंचने में हो सकता है हमें कभी-कभार देर हो जाए। बसंत सिंह से ट्रेनिंग ले रहे वॉलीबॉल खिलाड़ी अजीत सिंह का कहना है कि जब मैं कक्षा छह में था तब से उनसे प्रशिक्षण लेता आया हूँ। अब मेरा ग्रेजुएशन का दूसरा साल है। मैंने राजस्थान के लिए कई बार खेला है, सात बार राष्ट्रीय स्तर पर और तीन बार राष्ट्रीय टीम के लिए चुना गया हूँ। 2022 में बहरीन में आयोजित 21वीं एशियाई चैंपियनशिप में अजीत सिंह अंडर 20 टीम का हिस्सा थे। यह टीम वॉलीबॉल में रजत पदक के साथ लौटी थी। कोच बसंत सिंह मान के करीब 1300 खिलाड़ी अब तक राष्ट्रीय पदक जीत चुके हैं। कई खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय भी खेल चुके हैं। बसंत सिंह का कहना है कि वे यह गिनती ही भूल गए हैं कि उन्होंने कितने राज्य स्तरीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया है।

### कॉलेज से शुरू हुआ सफर

कोच बसंत सिंह मान ने 1980 में हनुमानगढ़ जिले के संगरिया में ग्रामोत्थान विद्यापीठ कॉलेज ऑफ एजुकेशन में फिजिकल इंस्ट्रक्टर के तौर पर नौकरी जॉइन की थी। 2011 में मान को उनके पैतृक गाँव सिलवाला खुर्द के सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भेज दिया गया था। वहां उन्होंने तीन वॉलीबॉल कोर्ट बनाने शुरू किए और वॉलीबॉल में छात्रों को प्रशिक्षित करना शुरू कर दिया। उन्होंने रिटायरमेंट के बाद भी वॉलीबॉल खिलाड़ियों को ट्रेनिंग देना जारी रखा। वह कहते हैं कि 2011 के बाद से सैकड़ों खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया है जो आज राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं। मान ने बताया कि उन्होंने 125 लड़कियों को प्रशिक्षित किया है जिनमें से कविता सुथार, सुखवीर कौर और अल्पना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल चुकी हैं।

### बेटियों को खेल से जोड़ा

कोच बसंत सिंह मान ने लड़कियों को वॉलीबॉल से जोड़ने की दिशा में भी महत्वपूर्ण काम किए हैं। अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी कविता सुथार के पिता सुभाष सुथार का कहना है कि कोच मान ने गांव को एक बड़ा सम्मान और गौरव दिलाया है। वह हमारी युवा बेटियों को खेल के मैदान में कदम रखने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव प्रयास करते रहते हैं। कविता सुथार ने कक्षा छह से उनसे ट्रेनिंग लेना शुरू किया था। वे राज्य स्तर पर 10 पदक जीत चुकी हैं और थाइलैंड में हुई एशियाई चैंपियनशिप में अंडर-18 वॉलीबॉल टीम की कप्तान रही हैं। मान की ट्रेंड की हुई सैकड़ों लड़कियां वॉलीबॉल में अलग-अलग स्तरों पर खेल रही हैं।




# INIFD के नए कैंपस का उद्घाटन आज

बेधड़क | जयपुर

कमला पोद्दार ग्रुप (केपीजी) की ओर से इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइन (INIFD) के मानसरोवर स्थित नए एज्युकेशनल कैम्पस का उद्घाटन शनिवार को महिला व बाल कल्याण मंत्री ममता भूपेश करेंगी। यह कैम्पस फैशन, इंटीरियर डिजाइन और कौशल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए समर्पित होगा। लॉन्च इवेंट में आईएनआईएफडी के छात्रों के डिजाइनों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इन डिज़ाइनों को न्यूयॉर्क, लंदन और लैक्मे जैसे प्रतिष्ठित फैशन वीक में प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर मेधावी स्किल और एनएसडीसी प्रोग्राम्स भी लॉन्च किए जाएंगे। कार्यक्रम में आईएनआईएफडी ग्लोबल सीईओ अनिल खोसला, मेधावी स्किल यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रवेश दुदानी, बॉलीवुड अभिनेता अमन यतन वर्मा, राजस्थान फाउंडेशन कमिश्नर धीरज श्रीवास्तव, चीफ मेंटर आईएनआईएफडी एशले रेबेलो और मोटिवेशनल स्पीकर संदीप कोचर सहित डिजाइन उद्योग, शिक्षा जगत और सरकारी क्षेत्रों से जुड़े कई लोग शामिल होंगे।

# पीजी के लिए आज भी कर सकते हैं आवेदन



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश पूर्व परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि एक दिन बढ़ा दी गई है। अब योग्य अभ्यर्थी 1 जुलाई शाम 6 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। वहीं विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालयों महाराजा, महारानी, कॉमर्स और राजस्थान कॉलेज में स्नातक पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन प्रवेश में आवेदन की अंतिम तिथि भी 2 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। उप कुलसचिव डॉ. कुलदीप मिश्रा ने बताया कि स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों बीए, बीकॉम, बीएससी, बीसीए, बीबीए, बीवीए व बीपीए के 3 और 4 वर्षीय पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट admission .uniraj edu. in के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

**गुड न्यूज** | MJRP यूनिवर्सिटी के छात्र बड़ी कंपनियों में चयनित

# ADCGC कोर्स के सभी स्टूडेंट्स का हुआ प्लेसमेंट

बेधड़क | जयपुर

महात्मा ज्योति राव फुले विश्वविद्यालय में एडवांस डिप्लोमा इन चाइल्ड गाइडेंस एंड काउंसलिंग (ADCGC) के प्रथम बैच 2021-2022 का प्लेसमेंट शत प्रतिशत रहा है। पाठ्यक्रम के सभी 25 स्टूडेंट्स का विभिन्न कंपनियों में अच्छे पैकेज पर चयन हुआ है।



एमजेआरपी यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन निर्मल पंवार ने बताया कि ADCGC आरसीआई अप्रूव्ड कोर्स है जिसके सभी स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट हो गया है। पंवार ने बताया कि ADCGC के प्रथम बैच के स्टूडेंट्स का विभिन्न कंपनियों में बिहेवियर थैरेपिस्ट, चाइल्ड डवलमेंट काउंसलर, मेंटल हैल्थ एक्सपर्ट, स्पेशल एज्युकेटर, स्कूल काउंसलर, एच आर समेत विभिन्न पदों पर चयन हुआ हैं। इस कोर्स की स्टूडेंट अंशिका का शून्या आईएएस दिल्ली में, मनीषा राठौड़ का कॉग्निएबल गुरुग्राम, मानसी हीरे का डीपीएस स्कूल नासिक, कीर्ति का फिजिक्सवाला, आयुषी चौहान का मेर्डो अहमदाबाद, सोनल खंगारोत का जयश्री पेड़िवाल सीनियर सैकंडरी स्कूल, इषिता गोयल का कल्पना रिहेबिलिटेशन भिवाड़ी, अनमोल का दिशा स्कूल व कैलाश का कॉग्निएबल कंपनी में सलेक्शन हुआ है। इस साल विवि के अन्य डिपार्टमेंट्स के स्टूडेंट्स का भी विभिन्न कंपनियों में भी प्लेसमेंट हुआ है। चेयरपर्सन पंवार और फैकल्टी मेंबर्स ने सभी चयनित स्टूडेंट्स को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### नए सत्र की प्रवेश प्रक्रिया जारी

चेयरपर्सन निर्मल पंवार ने बताया कि विश्वविद्यालय में स्पेशल एज्युकेशन के एमफिल क्लीनिकल साइकोलॉजी व रिहेबिलिटेशन, बीए, बीकॉम, बीएससी बीएड, बीएड (वीई, एचआई, एलडी), एडीसीजीसी समेत कई कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। ये सभी कोर्स आरसीआई अप्रूड हैं। नए सत्र 2023-2024 के लिए सभी कोर्सेज में प्रवेश प्रक्रिया जारी है।

राजस्थान आवासन मण्डल
हमारा प्रयास - सबको आवास
आमजन की भारी मांग पर
प्रताप नगर, सेक्टर 28 में स्थित
ग्रीनवुड होराइजन
(स्ववित्त पोषित योजना)
की अंतिम तिथि
31 जुलाई, 2023
तक बढ़ाई जाती है।
जयपुर में पहली बार 3/4 BHK लक्जरी फ्लैट्स
(गेटेड स्कीम, लैंडस्केपिंग, पर्याप्त सुरक्षा, 24 घंटे बिजली-पानी, क्लब हाउस, स्पोर्ट्स फैसिलिटी, 200Ft. राणा सांगा मार्ग पर)
504 आवास
रेरा नं. RAJ/P/2023/2410 रेरा वेबसाइट www.rera.rajasthan.gov.in
90% तक बैंक लोन सुविधा उपलब्ध
हेल्पलाइन नं. कार्यालय समय में: 0141-2744688, 2740009 कार्यालय समय उपरान्त: 9461054291/92/319 एवं 9460254319, शांतनु वार्ष्णेय (9983131666), पवन सोनी (8852000770) या समन्वयक अधिकारी श्री भारत भूषण जैन (9828363615) से सम्पर्क करें
RHB वेबसाइट के लिए Scan करें
उपरोक्त योजना के लिए कोचिंग हब स्थित मार्केटिंग कार्यालय पर स्थापित हेल्पडेस्क की लोकेशन के लिए Scan करें
ग्रीनवुड होराइजन योजना का ब्रॉशर डाउनलोड करने के लिए Scan करें
अधिक जानकारी एवं ऑनलाइन आवेदन के लिए RHB की वेबसाइट www.urban.rajasthan.gov.in/RHB देखें।
राजस्थान संवाद

## विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट-2023

# असमानता की खाई पाटता भारत



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट-2023 सुखद और राहतकारी है कि लैंगिक समानता के मामले में भारत का स्थान 146 देशों में 127वां हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले वर्ष की तुलना में आठ स्थान का सुधार हुआ है। पिछले वर्ष भारत 146 देशों की सूची में 135वें स्थान पर था। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछली बार से भारत की स्थिति में 1.4 प्रतिशत अंकों का सुधार हुआ है। इस रिपोर्ट में कई अन्य महत्वपूर्ण बातों का उद्घाटन हुआ है। मसलन देश ने शिक्षा के सभी स्तरों पर पंजीकरण मामले में समानता प्राप्त की है। इस तरह 64.3 प्रतिशत लैंगिक अंतराल को पाट दिया है। प्राथमिक शिक्षा में नामांकन के लिए लैंगिक समता के मामले में भारत अभी भी विश्व में प्रथम स्थान पर बना हुआ है, लेकिन आर्थिक मामलों में अभी तक सिर्फ 36.7 प्रतिशत समानता के लक्ष्य को हासिल किया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इस सूचकांक में भारत के पड़ोसी देशों मसलन पाकिस्तान का स्थान 142वां, बांग्लादेश का 59वां, चीन का 107वां, नेपाल का 116वां, श्रीलंका का 116वां और भूटान का 103वां स्थान है। आइसलैंड लगातार 14वें साल भी लैंगिक समानता वाले देश का तमगा हासिल किए हुए है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में महिलाओं के वेतन और आय के मामलों में वृद्धि हुई है और राजनीतिक सशक्तिकरण के मोर्चे पर 25.3 प्रतिशत समानता हासिल की है। पिछले साल के मुकाबले इस वर्ष भारत ने आर्थिक साझेदारी और अवसर पर अपने प्रदर्शन में सकरात्मक बदलाव दर्ज किया है, लेकिन श्रम बल भागीदारी के मामले में अपेक्षाकृत उस लक्ष्य को हासिल नहीं किया जा सका है।

याद होगा गत वर्ष पेशेवर एवं तकनीकी श्रमिकों के रूप में महिलाओं की हिस्सेदारी 29.2 प्रतिशत से बढ़कर 32.9 प्रतिशत हो गयी थी। अनुमानित अर्जित आय के मामले में लैंगिक समता अंक पहले से बेहतर हुआ है। कुल मिलाकर देखें तो जीवन के विविध क्षेत्रों में लैंगिक असमानता पाटने की चुनौती अभी भी जस की तस बरकरार है। इस चुनौती से निपटने के लिए आवश्यक है कि जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाया जाए। गौर करें तो राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों, व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में आधी-आबादी की मौजूदगी अभी भी बहुत कम है। अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वे (एआईएसएचई) की रिपोर्ट से उद्घाटित हो चुका है कि राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों और व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में बेटियों का नामांकन शैक्षणिक पाठ्क्रमों की तुलना में कम है। हालांकि विगत वर्षों में विभिन्न संस्थानों में महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि हुई है। आर्थिक उपक्रमों में भागीदारी की बात करें तो देश के सिर्फ 18 प्रतिशत कंपनी बोर्ड में महिला प्रतिनिधित्व है।

इसी तरह केवल 16 प्रतिशत महिलाएं नेतृत्वकर्ता की भूमिका में हैं। श्रम के क्षेत्र में नजर दौड़ाएं तो यहां भी पुरुषों के मुकाबले महिलाओं का प्रतिनिधित्व दयनीय है। प्रशासनिक नौकरियों में महिलाओं की भागीदारी के आंकड़े बताते हैं कि आईएएस में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 25 प्रतिशत से कम है जबकि बैंकों में 30 से 35 प्रतिशत के आसपास है। नौकरियों के मामले में विश्व बैंक अपनी रिपोर्ट में पहले ही कह चुका है कि दुनिया भर के कई देशों में महिलाओं की आर्थिक उन्नति में कानूनी बाधाएं हैं। अच्छी बात है कि भारत में इस तरह का भेदभावकारी कानून नहीं है। फिलहाल सरकार और स्वयंसेवी संगठनों के प्रयास से देश में महिला सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता बढ़ी है और जीवन के कई क्षेत्रों में महिलाएं परचम लहरा रही हैं।

> *“विगत वर्षों में विभिन्न संस्थानों में महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि हुई है। आर्थिक उपक्रमों में भागीदारी की बात करें तो देश के सिर्फ 18 प्रतिशत कंपनी बोर्ड में महिला प्रतिनिधित्व है। इसी तरह केवल 16 प्रतिशत महिलाएं नेतृत्वकर्ता की भूमिका में हैं। श्रम के क्षेत्र में नजर दौड़ाएं तो यहां भी पुरुषों के मुकाबले महिलाओं का प्रतिनिधित्व दयनीय है। प्रशासनिक नौकरियों में महिलाओं की भागीदारी के आंकड़े बताते हैं कि आईएएस में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 25 प्रतिशत से कम है, जबकि बैंकों में 30 से 35 प्रतिशत के आसपास है। नौकरियों के मामले में विश्व बैंक अपनी रिपोर्ट में पहले ही कह चुका है कि दुनिया भर के कई देशों में महिलाओं की आर्थिक उन्नति में कानूनी बाधाएं हैं।”*

इसका श्रेय भारतीय संविधान और सर्वोच्च अदालत को जाता है जहां भारतीय संविधान स्त्री-पुरुष दोनों को समान अधिकार प्रदान करता है। सर्वोच्च अदालत संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करता है। भारतीय संविधान में शिक्षा, सेवा, राजनीति इत्यादि सभी क्षेत्रों में पुरुषों व महिलाओं को बराबर के अधिकार दिए हैं। भारतीय संविधान में लैंगिक असमानता को मिटाने यानी समानता को बल प्रदान करने के लिए कई प्रावधान किए गए हैं। संविधान में स्पष्ट कहा गया है कि धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर महिलाओं से भेदभाव नहीं किया जा सकता। दो राय नहीं कि इन संवैधानिक प्रावधानों और गत वर्षों में हुए सरकारी प्रयासों के परिणाम स्वरूप भारत में लैंगिक विभेद में कमी आयी है। उसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उदाहरण के तौर पर देश के विभिन्न राज्यों की पंचायतों में महिलाओं को आरक्षण प्रदान किया गया है। इस पहल से पंचायतों में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ी है। हाल ही में देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में संपन्न हुए पंचायत चुनाव में पुरुषों से ज्यादा महिलाएं पंच परमेश्वर चुनी गईं हैं। 53.7 प्रतिशत पंचायतों में सत्ता अब महिलाओं के हाथों में है। राज्य में ग्राम प्रधान के 58,176 पदों पर चुनाव हुए जिसमें 31,212 पदों पर महिलाओं ने जीत हासिल की। कुछ ऐसा ही आंकड़ा देश के अन्य राज्यों से भी सामने आ रहा है और वहां महिलाओं की भागीदारी और प्रतिनिधित्व बढ़ रहा है, लेकिन यहां ध्यान देने वाली बात यह कि संख्या के लिहाज से भले ही यह आंकड़ा प्रतिनिधित्व को मजबूती प्रदान करता हो पर एक सच यह भी है कि नेतृत्व की बागडोर अभी भी पुरुष अभिभावकों के ही हाथों में है।


बात चाहे गांव, ब्लॉक या तहसील की हो अथवा जिला स्तर की सभी आवश्यक स्थानों पर निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के पति या अभिभावक ही उनके दायित्वों का निर्वहन करते देखे जा रहे हैं। यह स्थिति ठीक नहीं है। इससे निर्वाचित महिला सरपंचों की भूमिका महज एक रबर स्टैंप बनकर रह गई है। यह हस्तक्षेप पंचायतों में महिलाओं की भूमिका को सीमित करने के साथ ही पंचायती राज के पावन उद्देश्यों को नष्ट करता है। एक अरसे से संसद में महिला आरक्षण को लेकर बहस जारी है। बावजूद इसके यह बड़ी विडंबना है कि अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सका है।

> *देश का एक भी राज्य ऐसा नहीं है, जहां महिला मंत्रियों की संख्या एक तिहाई हो। 65 प्रतिशत राज्यों के मंत्रिमंडल में 10 प्रतिशत से कम महिला प्रतिनिधित्व है। यह स्थिति चिंतित करने के अलावा लोकतांत्रिक भारत में आधी आबादी के साथ लैंगिक भेदभाव को उजागर करती है। इन सबके बीच अच्छी बात यह कि भारत लैंगिक असमानता की खाई को तेजी से पाट रहा है। देश की आधी आबादी जीवन के विविध क्षेत्रों में अपनी सहभागिता का लोहा मनवा रही है। सदियों से गढ़ी-बुनी वर्जनाओं की खोल को धूल-धूसरित कर एक नए मूल्य और प्रतिमान को गढ़ रही हैं।*

नतीजतन आज संसद और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बहुत कम है। लोकसभा में कुल महिला सदस्यों की संख्या तकरीबन 79 है जो कुल सदस्यों के 15 फीसदी के आसपास है। इसी तरह राज्यसभा में महिलाओं की संख्या तकरीबन 25 है यानी 10 प्रतिशत। अच्छी बात यह है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल में हुए विस्तार के बाद अब मंत्रिमंडल में कुल महिला मंत्रियों की संख्या तकरीबन एक दर्जन के आसपास पहुंच गई है। पर विचार करें तो यह अभी भी पुरुषों के मुकाबले बहुत ही कम है। भारत के 28 राज्यों में वर्तमान में केवल पश्चिम बंगाल में एक महिला मुख्यमंत्री हैं। देश का एक भी राज्य ऐसा नहीं है जहां महिला मंत्रियों की संख्या एक तिहाई हो। 65 प्रतिशत राज्यों के मंत्रिमंडल में 10 प्रतिशत से कम महिला प्रतिनिधित्व है। यह स्थिति चिंतित करने के अलावा लोकतांत्रिक भारत में आधी आबादी के साथ लैंगिक भेदभाव को उजागर करता है।

इन सबके बीच अच्छी बात यह कि भारत लैंगिक असमानता की खाई को तेजी से पाट रहा है। देश की आधी आबादी जीवन के विविध क्षेत्रों में अपनी सहभागिता का लोहा मनवा रही हैं। सदियों से गढ़ी-बुनी वर्जनाओं की खोल को धूल-धूसरित एक नए मूल्य और प्रतिमान को गढ़ रही हैं। योनि के कठघरे की परिधि से निकलकर अपने हक-हकूक की प्रस्तावना का इंकलाब कर रही हैं। हजारों साल से गढ़े-बुने गए समाज के एकध्रुवीय स्वरूप, चरित्र एवं चिंतन के दायरे का विस्तार कर रही हैं। वे स्वयं के मापने व परखने के पूर्वाग्रही सांचे व सोच को चकनाचूर कर पुरुषवादी कवच का विन्यास कर रही हैं। असमानता और अन्याय के खिलाफ तनकर खड़ा होने के नवाचारों का बीज रोप रही हैं। स्वयं के इतिहासपरक मूल्यांकन को रद्द कर नई व्याख्या को आयाम दे रही हैं। उनकी नई सोच और जीवन-मूल्य को अब समाज भी तेजी से आत्मसात कर रहा है। बदलाव के गुणसूत्र को मान्यता दे रहा है। बदलाव की इस सहज प्रतिध्वनि से असमानता की लौह-बेड़ियां स्वतः पिघल रही हैं। देर-सबेर लैंगिक असमानता की खाई का खत्म होना तय है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**



## व्यंग्य

# टमाटर के नखरे हाय-तौबा



पूजा गुप्ता
व्यंग्यकार

मेरी इतनी भी क्या फिक्र बस सौ, एक सौ पचास पर इतना जिक्र काहे हो रहा है। टमाटर हूं बस जरा सा भाव क्या बढ़ गया मेरा, सोशल मीडिया में हाहाकार मच गया। बस यही डर दिखना चाहिए सब के मन में मुझे लेकर ताकि लोग मेरा भी सम्मान करें हर मौसम में। इतिहास के पन्ने पर फेमस होने की आशा लिया बैठा हुआ टमाटर हवा में उड़ रहा है, उछल रहा है। कोई लाली लिपस्टिक का नाम दे रहा है तो कोई टमाटर म्यूजियम में रख रहा है। देसी के साथ जब से विदेशी टमाटर आया है, देसी कुछ ज्यादा ही भाव खा रहा है।

विदेशी के भाव तीसरी मंजिल पर तो, देसी के भाव आसमान पर। देसी खाकर कोई लाल हो रहा है, तो कोई उसके भाव सुनकर लाल हुआ जा रहा है। जो खरीद रहा है वो लाल है, जो नहीं खा पा रहा है, वो मारे शर्म के लाल है। किसी के टमाटर खा के गाल लाल हो रहे हैं और कुछ की टमाटर खरीद कर जेब का हाल बेहाल है। जो टमाटर नहीं खरीद पा रहा है, वह बैंगन की तरह काला या फिर कद्दू की तरह मुंह बनाकर सब्जी मंडी से निकल रहा है। गलियों में टमाटर के ठेले नजर नहीं आ रहे हैं। ठेले में टमाटर दुबका पड़ा है, कहीं कोई गरीब देख न ले, इसलिए टमाटर हर जगह से नदारद है। हर कोई ढूंढ रहा किस ठेले पर टमाटर सस्ता बिक रहा है, आयकर वाले भिखारी के भेष में मंडी में घूम रहे हैं। टमाटर जिसने खरीदा, बस चल भाई अंदर।

कई टमाटर शरीफ की तरह मंडी से गायब, तो कोई गरीबों से बच रहा है तो कोई नाली में सड़ रहा है। बस केवल अमीर ही टमाटरों के पीछे भाग रहे हैं। अब अगर आप किसी के घर जाएं और खाने की मेज पर टमाटरों का सलाद दिखाई तो समझ लीजिए की आदमी खानदानी रईस है। यानी कि टमाटर खरीदने की क्षमता से किसी की औकात का पता चल जाता है। अब तो किसी के घर जाकर टमाटर उधार लेने का मुंह भी नहीं रह गया है। टमाटर मांगो तो ऐसे देखते हैं जैसे कोई वसीयत में हिस्सा मांग लिया हो। इससे बढ़िया है कि टमाटर का मोह छोड़कर कुछ दिन बिना टमाटर के गुजारा करना ठीक रहेगा। आजकल वैसे भी आलू उदास है क्योंकि उसका दोस्त टमाटर उसके साथ कभी-कभी दिखाई देता है, आजकल अमीरों के घर उठना-बैठना जो हो गया है टमाटर का। अब तो फ्रिज में भी टमाटर रखना हो तो तिजोरी की तरह उसकी हिफाजत करनी होगी, फ्रिज को लॉक करके उसकी चाबी बैंक के लॉकर में रखनी होगी। अब तो सबसे छुपाकर टमाटर लाया जाएगा ताकि गली मोहल्ले के लोग देख न लें, वर्ना टमाटर मांगने घर आ जाएंगे। वीआईपी हो गया है भाई अब तो टमाटर। टमाटर उच्च वर्ग की तरकारी बन चुका है। ये सरकारी होटलों की शान बन गया है जिसे केवल रईस लोग ही खा सकते हैं। टमाटर खरीदने के लिए अब पति से पैसे मांगे तो पति घूरकर देखने लगते हैं जैसे तलाक की अर्जी लगा दी हो मैंने।

टमाटर फेसबुक पर सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है। हजारों की संख्या में उसे साझा कर रहे हैं, वाट्सएप पर नए-नए तरीके से टमाटर की तुलना महिलाओं के हाव-भाव से की जा रही है। टमाटर पर चुटकुले बनाए जा रहे हैं। हीर-रांझा की जोड़ी से भी ज्यादा लोकप्रिय हो गया टमाटर। सब्जियां भी बेहाल पड़ी हुई हैं कोने में टमाटर के नखरे देखकर। अब तो टिंडा, लौकी, तुरही बनाकर काम चलाओ। भाई इस समय टमाटर किसी मुख्यमंत्री से कम नजर नहीं आ रहा है। अभी तो माहौल ऐसा लग रहा है या तो सरकार बदले या फिर टमाटर के भाव।



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
हिंसा से कुछ नहीं होने वाला है, प्रदेशवासियों से अपील है कि हमें शांति की ओर चलने की जरूरत है, मणिपुर को जोड़ने के लिए, अमन के लिए, मैं हर मदद करने को तैयार हूं।



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
यह उम्मीद की जाती है कि जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग आतंकवाद जैसे गंभीर मुद्दे पर राजनीति नहीं करेंगे परंतु उदयपुर में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जो किया वह एक गैर जिम्मेदाराना कार्य है, शाह द्वारा उदयपुर में झूठ बोला गया कि कन्हैयालाल के हत्यारों रियाज अत्तारी और गौस मोहम्मद को NIA ने पकड़ा, जबकि सत्य यह है कि इन्हें घटना के महज चार घंटों में राजस्थान पुलिस पकड़ लिया था।



**पुष्कर सिंह धामी,** मुख्यमंत्री उत्तराखंड
@pushkardhami
उत्तराखंड में शीघ्र लागू करने जा रहे हैं समान नागरिक संहिता, सबके लिए होगा समान कानून।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
जब आप दूसरों की भलाई को प्राथमिकता देते हैं, तो आप एक अलग तरह की ताकत विकसित करते हैं जो आपको जीवन और उससे परे ले जाती है।



**सचिन तेंदुलकर,** पूर्व क्रिकेटर
@sachin_rt
आप सभी फेसबुक पर गंभीर, ट्विटर पर मजाकिया, इंस्टाग्राम पर अच्छे दिखने वाले और वास्तविक जीवन में शानदार लोग हैं।


## नॉलेज कॉर्नर: कवि गुरु रवींद्र नाथ के नाम पर हुआ इसका नामकरण

# कीलों से बनाया गया था 'हावड़ा ब्रिज'

हावड़ा ब्रिज का नाम तो हम सभी ने अक्सर सुना है। अगर कोई आपसे कहे कि इस ब्रिज को बनाने में केवल कीलों का इस्तेमाल किया गया था, तो शायद इस पर विश्वास करना मुश्किल है, लेकिन यह सच है कि हावड़ा ब्रिज को केवल कीलों से बनाया गया था। पं. बंगाल की राजधानी कोलकाता में बना यह पुल विश्वभर में प्रसिद्ध है। इस पुल का नाम पं. बंगाल के एक शहर हावड़ा के नाम पर रखा गया। यह एक औद्योगिक शहर है, जो कि इस राज्य का दूसरा सबसे बड़ा शहर है। हुगली नदी के दाहिने तट पर बसा यह शहर कोलकाता का जुड़वा माना जाता है। विस्तृत जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### भारत का सबसे व्यस्ततम पुल

हावड़ा ब्रिज भारत का सबसे व्यस्त पुल है। यहां से दिनभर लाखों लोग गुजरते हैं। दरअसल वर्ष 1936 से पहले शहर में आवाजाही का एकमात्र साधन नाव था। इसलिए आर-पार जाने के लिए पुल का बनाया जाना अत्यंत आवश्यक था। इससे पहले वर्ष 1871 में बंगाल सरकार ने हावड़ा ब्रिज अधिनियम पारित किया। इसके बाद वर्ष 1874 में सर ब्रेडफोर्ड लेसली ने नदी पर पीपे के पुल का निर्माण करवाया था। 3 फरवरी, 1943 को यह ब्रिज बनकर तैयार हो गया था। इसके बाद आम लोगों के लिए इसे खोल दिया गया था। इसे रवींद्र सेतु भी कहा जाता है। यह अपनी तरह का छठा सबसे बड़ा पुल है, जो कि केवल चार खंभों पर टिका हुआ है। सहारे के लिए इसे किसी प्रकार से रस्से या तार ने नहीं बांधा गया है। इसकी खासियत है कि इसे नटबोल्ट की बजाय धातु की बनी कीलों से बनाया गया है।



### हावड़ा का नामकरण

हावड़ा का नाम बंगाली शब्द 'हाओर' से निकला है। जिसका अर्थ बंगाली भाषा में पानी, कीचड़ और जमे हुए जैविक मलबे का पोखर होता है। वैज्ञानिक रूप से हाओर एक अवसाद है, जो एक नदी दलदल या झील होता है। इस शब्द का प्रयोग बंगाल के पूर्वी हिस्सों में किया जाता था, जो कि वर्तमान में बांग्लादेश है। रवींद्र सेतु या हावड़ा ब्रिज हुगली नदी के ऊपर बना एक 'कैंटीलीवर सेतु' है। यह हावड़ा शहर से कोलकाता को जोड़ता है। इसका मूल नाम 'नया हावड़ा पुल' था, जिसे 14 जून 1965 को बदलकर 'रवींद्र सेतु' कर दिया गया, लेकिन अब भी इसे 'हावड़ा ब्रिज' के नाम से ही जाना जाता है।

### बिना पानी रोके बनाया पुल

*जब अंग्रेजों ने इसे बनवाया था, तब यह कल्पना की गई थी कि नदी का जल मार्ग रुके बिना इस पुल को बनाया जाए। इसके नीचे अधिक खंभे भी नहीं हो ताकि हुगली नदी में गुजरने वाले जहाज और नाव को अवरोध न हो। इसलिए कैंटिलिवर पुल का निर्माण किया गया। 80 साल बाद भी इस पर कोई फर्क नहीं पड़ा है।*

कंटेंट: सुप्रिया सरकार

### भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस के दावे पर सियासी वार जारी, राकांपा की कार्यकारी अध्यक्ष ने साधा निशाना

# मेरे पिता और चचेरे भाई अजित पवार से परेशान है BJP: सुप्रिया सुले

एजेंसी | मुंबई

महाराष्ट्र में 2019 के सियासी घटनाक्रम को लेकर भाजपा व राकांपा के बीच जुबानी जंग जारी है। राकांपा की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने कहा कि भाजपा उनके पिता शरद पवार और चचेरे भाई अजित पवार से 'परेशान' है।

सुले ने महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके पास देश या राज्य के लिए कोई दृष्टिकोण नहीं है। उल्लेखनीय है भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने 2019 के चुनावों के बाद राकांपा



नेता अजित पवार के साथ मिलकर सरकार के गठन का प्रयास किया था और उसी को लेकर दोनों दलों के बीच वाकयुद्ध जारी है।

सुले ने जन्मदिन की बधाई देने आए पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा, मुझे इस बात की खुशी है कि केंद्र और राज्य की राजनीति मेरे पिता शरद पवार और भाई अजित के इर्दगिर्द घूमती है। भाजपा उनसे इतनी परेशान है कि उसके पास देश और राज्य के विकास के लिए कोई दृष्टिकोण तैयार करने का समय नहीं है। वे महंगाई कैसे कम करेंगे और रोजगार कैसे पैदा करेंगे?" सुले से नवंबर 2019 की अल्पकालिक भाजपा-अजित पवार सरकार को लेकर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और राकांपा के बीच हो रहे वाकयुद्ध के बारे में सवाल किए गए थे।

### यूं शुरू हुआ विवाद

उपमुख्यमंत्री फडणवीस ने दावा किया था कि पवार 2019 में भाजपा के साथ सरकार बनाने के लिए सहमत हुए थे, लेकिन फिर वह पीछे हट गए। शरद पवार ने कहा था कि भाजपा और सत्ता के प्रति उसकी लालसा को उजागर करने के लिए 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद कुछ चीजें की गई थीं। नवंबर 2019 में राजभवन में सुबह फडणवीस ने मुख्यमंत्री पद की और अजित पवार ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी लेकिन उनकी सरकार 80 घंटे में ही समाप्त हो गई थी।

## 2019 में ही बननी चाहिए थी भाजपा-शिवसेना सरकार: शिंदे

### शिंदे सरकार का एक साल: 86 विकास परियोजनाएं की शुरू

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को सरकार के एक साल पूरे होने पर कहा कि उनकी सरकार ने स्वास्थ्य योजना के तहत बीमा कवर 1.5 लाख रुपए से बढ़ाकर पांच लाख रुपए करने और किसानों को सालाना छह हजार रुपए वित्तीय मदद देने सहित कई फैसले लिए हैं।

पश्चिमी महाराष्ट्र के सातारा जिले के पाटन में 122.59 करोड़



की योजनाओं के शिलान्यास कार्यक्रम में ऑनलाइन शामिल हुए शिंदे ने कहा कि शिवसेना-भाजपा गठबंधन सरकार नवंबर 2019 के चुनाव के तुरंत बाद बननी चाहिए थी, लेकिन 50 विधायकों और 13 सांसदों ने इसे करीब ढाई साल बाद संभव बनाया। वह एकीकृत शिवसेना के कुछ विधायकों के विद्रोह का संदर्भ दे रहे थे, जिसके बाद एमवीए सरकार का पतन हुआ और 30 जून 2022 को भाजपा के समर्थन से उनके मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हुआ। कार्यक्रम में शिंदे के गृह जिले में 126 गांवों के लिए 86 विकास परियोजनाओं की शुरुआत की गई। उन्होंने कहा कि हम लोगों के कल्याण के लिए फैसले ले रहे हैं, जिनमें 'नमो शेतकारी महासम्मान निधि योजना' के तहत राज्य सरकार द्वारा किसानों को सालाना 6,000 रुपए देने का फैसला शामिल है।

### 'मुसलमानों को आरक्षण का विरोध बंद करे भाजपा'



**लखनऊ।** बसपा की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुसलमानों पर दिए गए एक वक्तव्य का हवाला देते हुए सुझाव दिया कि भाजपा को पिछड़े मुसलमानों को आरक्षण का विरोध बंद कर देना चाहिए। मायावती ने शुक्रवार को ट्वीट किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भोपाल में भाजपा के कार्यक्रम में कहा कि भारत में रहने वाले 80 प्रतिशत मुसलमान पसमांदा, पिछड़े, शोषित' हैं। यह उस कड़वी जमीनी हकीकत को स्वीकार करना है, जिससे उन मुस्लिमों के जीवन सुधार के लिए आरक्षण की जरूरत को समर्थन मिलता है।

### MP का दौरा करेगा निर्वाचन आयोग का दल

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश में अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए उप चुनाव आयुक्तों का एक दल अगले सप्ताह राज्य का दौरा करेगा। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि टीम के सोमवार से दो दिन तक भोपाल में रहने की संभावना है। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने इससे पहले तैयारियों की समीक्षा के लिए चार अन्य राज्यों मिजोरम, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और राजस्थान का दौरा किया था। पांचों राज्यों में इस साल अक्टूबर-नवंबर में एक साथ चुनाव होने की संभावना है।मिजोरम विधानसभा का कार्यकाल इस साल दिसंबर में समाप्त हो रहा है, जबकि राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मध्य प्रदेश की विधानसभाओं का कार्यकाल जनवरी 2024 में अलग-अलग तारीखों पर समाप्त हो रहा है।

### दिल्ली सेवा अध्यादेश को रद्द करने का किया अनुरोध

# सुप्रीम कोर्ट में 'आप' सरकार ने दी अध्यादेश को चुनौती

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने सेवाओं के नियंत्रण पर अध्यादेश की संवैधानिकता को चुनौती देते हुए शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया और कहा कि यह कार्यकारी आदेश का असंवैधानिक इस्तेमाल है जो शीर्ष अदालत और संविधान की मूल संरचना का 'उल्लंघन' का प्रयास करता है। दिल्ली सरकार ने अध्यादेश को रद्द करने के अलावा इस पर अंतरिम रोक लगाने का भी अनुरोध किया है।

अधिवक्ता शादान फरासत के जरिये दायर याचिका में कहा गया है कि अध्यादेश निर्वाचित सरकार यानी दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र शासन अधिनियम को लोक सेवा पर नियंत्रण से पूरी तरह से किनारे कर देता है। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार ने 19 मई को 'दानिक्स' कैडर के 'ग्रुप-ए' अधिकारियों के तबादले और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए 'राष्ट्रीय राजधानी लोक सेवा प्राधिकरण' गठित करने के उद्देश्य से एक अध्यादेश जारी किया था।



### आतिशी को राजस्व, योजना और वित्त विभाग का अतिरिक्त प्रभार

दिल्ली के मंत्रिमंडल में फेरबदल के प्रस्ताव को उपराज्यपाल वी के सक्सेना की मंजूरी मिलने के बाद मंत्री आतिशी को राजस्व, योजना और वित्त विभागों का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। पहले, ये तीनों विभाग मंत्री कैलाश गहलोत के पास थे। आतिशी दिल्ली मंत्रिमंडल में एकमात्र महिला सदस्य हैं। इस अतिरिक्त प्रभार के बाद अब उनके पास 12 विभागों का जिम्मा होगा, जो सभी मंत्रियों में सर्वाधिक है। एक अधिकारी ने बताया, उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और फाइल सरकार के पास लौट आई है। मंत्रिमंडल में फेरबदल के मुद्दे पर गुरुवार को विवाद पैदा हो गया था, जब सरकारी अधिकारियों ने दावा किया था कि संबंधित फाइल चार दिन से उपराज्यपाल के पास है, लेकिन उपराज्यपाल कार्यालय ने इस आरोप से इनकार किया। मंत्रिमंडल के सदस्य मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन ने गिरफ्तारी के बाद अपने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उनके इस्तीफे के बाद आतिशी को सौरभ भारद्वाज के साथ मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था।

### केजरीवाल तीन जुलाई को जलाएंगे अध्यादेश की प्रतियां

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तीन जुलाई को मध्य दिल्ली के पार्टी कार्यालय में केंद्र के अध्यादेश की प्रतियां जलाएंगे। आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने यहां संवाददाताओं से कहा कि राष्ट्रीय राजधानी की सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में अध्यादेश की प्रतियां जलाई जाएंगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, कैबिनेट मंत्री और सभी विधायक आईटीओ स्थित पार्टी कार्यालय पर इस काले अध्यादेश की प्रतियां जलाएंगे।' इसके बाद 5 जुलाई को सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में अध्यादेश की प्रतियां जलाई जाएंगी। 6 जुलाई से 13 जुलाई के बीच दिल्ली के हर नुक्कड़ और कोने में अध्यादेश की प्रतियां जलाई जाएंगी। भारद्वाज ने बताया कि सभी सात उपाध्यक्ष ये सुनिश्चि करेंगे कि दिल्ली के हर इलाके में प्रतियां जलाई जाएं।

### उत्तराखंड समान नागरिक संहिता

## मसौदा तैयार, सरकार को सौंपा जाएगा: देसाई



**नई दिल्ली।** सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई ने शुक्रवार को कहा कि उत्तराखंड के लिए प्रस्तावित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का मसौदा तैयार हो गया है और इसे जल्द ही राज्य सरकार को सौंप दिया जाएगा। उत्तराखंड सरकार ने पिछले साल विशेषज्ञों की एक समिति गठित की थी।

इस समिति की प्रमुख देसाई ने कहा कि समिति ने सभी प्रकार की राय और चुनिंदा देशों के वैधानिक ढांचे सहित विभिन्न विधानों एवं असंहिताबद्ध कानूनों को ध्यान में रखते हुए मसौदा तैयार किया है। समिति ने उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों में प्रचलित विभिन्न पारंपरिक प्रथाओं को बारीकियों को समझने की कोशिश की है। देसाई ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, उत्तराखंड के लिए प्रस्तावित समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार हो गया है। प्रारूप संहिता के साथ समिति की रिपोर्ट जल्द ही प्रकाशित की जाएगी और उत्तराखंड सरकार को सौंप दी जाएगी। देसाई ने सवालों का जवाब देते हुए यूसीसी के मसौदे या समिति की रिपोर्ट का विवरण साझा करने से इनकार कर दिया और कहा कि इसे पहले राज्य सरकार को सौंपना होगा। देसाई ने कहा कि समिति ने मुस्लिम देशों सहित विभिन्न देशों में मौजूदा कानूनों का अध्ययन किया है लेकिन उनके नाम साझा करने से इनकार कर दिया। उत्तराखंड सरकार ने पिछले साल मई में सेवानिवृत्त न्यायाधीश देसाई की अध्यक्षता में विशेषज्ञों की एक समिति का गठन किया था।

### उत्तराखंड में जल्द लागू होगा यूसीसी: धामी

इस बीच, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को कहा कि समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करने के लिए बनाई गई समिति ने अपना कार्य पूरा कर लिया है और जल्द ही प्रदेश में इसे लागू किया जाएगा। धामी ने ट्वीट कर यह बात कही। उन्होंने कहा कि जल्द ही देवभूमि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू किया जाएगा।

### भाजपा अध्यक्ष की छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में रैली

## बघेल सरकार भ्रष्टाचार में डूबी: नड्डा

एजेंसी | बिलासपुर

भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भ्रष्टाचार का बादशाह करार देते हुए प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर आकंठ भ्रष्टाचार डूबे रहने का आरोप लगाया।

नड्डा ने राज्य के बिलासपुर शहर में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बघेल सरकार भ्रष्टाचार के अलावा कोई काम नहीं करती है, और सभी भ्रष्ट लोग मुख्यमंत्री से जुड़े हुए हैं।

छत्तीसगढ़ में इस वर्ष के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में लोगों से भाजपा को वोट देने का आह्वान करते हुए नड्डा ने कहा कि राज्य में भ्रष्ट कांग्रेस सरकार को हटाना जरूरी हो गया है। नड्डा ने आरोप लगाया, सीएम भूपेश



बघेल कोई काम नहीं करते हैं। राज्य में जो भ्रष्टाचार कर रहा है वह उनसे जुड़े हुए हैं। बघेल सरकार ने पूर्ववर्ती रमन सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के दौरान शुरू किए गए कार्यों और योजनाओं पर अपना लेबल लगा दिया है। उन्होंने सभा में आए लोगों से पूछा कि क्या बघेल सरकार ने कोयला परिवहन, शराब, रेत और अन्य क्षेत्रों में भ्रष्टाचार किया है या नहीं, तो लोगों ने इसका 'हां' में जवाब दिया। भाजपा अध्यक्ष ने यह भी पूछा,मुख्यमंत्री की उप सचिव पिछले पांच महीने से जेल में हैं या नहीं।

### दिग्विजय और गडकरी ने साझा किया मंच

**पुणे।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पुणे के निकट एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के साथ मंच साझा किया और प्रति वर्ष पंढरपुर धार्मिक यात्रा में शामिल होने के लिए सिंह की सराहना की। गडकरी और सिंह कांग्रेस के दिवंगत नेता रामकृष्ण मोरे पर पुस्तक के विमोचन के लिए पिंपरी चिंचवाड में मौजूद थे। सोलापुर जिले के पंढरपुर शहर में भगवान विट्ठल और देवी रुक्मिणी के मंदिर हैं और सिंह प्रति वर्ष 'आषाढ़ी एकादशी' के दिन पूजा-अर्चना के लिए पंढरपुर जाते हैं। भगवान विठ्ठल के श्रद्धालु वारकरी कहलाते हैं। ये लोग अलग-अलग हिस्सों से निकाली जाने वाली शोभायात्रा में भाग लेते हैं।

### माफिया से मुक्त कराई जमीन पर फ्लैट



*प्रयागराज। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माफिया सरगना अतीक अहमद के कब्जे से मुक्त कराई गई जमीन पर बने 76 मकानों/फ्लैटों की चाबी सांकेतिक रूप से लाभार्थियों को सौंपी और कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस मौके पर योगी अन्य मंत्रियों व नेताओं के साथ।*

### तमिलनाडु: मंत्री की बर्खास्तगी को लेकर राज्यपाल के फैसले की आलोचना

# द्रमुक का कानूनी पहलुओं पर विचार, राज्यपाल को सीएम लिखेंगे पत्र

एजेंसी | चेन्नई

तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक ने शुक्रवार को जोर देकर कहा कि मंत्रियों की नियुक्ति और बर्खास्तगी पूरी तरह से मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है। पार्टी ने नौकरी के बदले घूस मामले में गिरफ्तार मंत्री वी सेंथिल बालाजी को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने को लेकर राज्यपाल आर एन रवि की आलोचना की।

हालांकि, रवि ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के हस्तक्षेप के बाद बालाजी की बर्खास्तगी के फैसले पर रोक लगा दी थी। इस बीच, सूत्रों का कहना है कि द्रमुक इस मामले में सभी राजनीतिक विकल्पों और कानूनी पहलुओं पर विचार कर





सकती है। तमिलनाडु के वित्त मंत्री थंगम थेन्नारासु ने संवाददाताओं से कहा कि सीएम स्टालिन इस मामले में राज्यपाल रवि को एक विस्तृत पत्र लिखेंगे। कानून मंत्री एस रघुपति और राज्यसभा सदस्य पी विल्सन भी मौजूद थे। थेन्नारासू ने स्टालिन के इस बयान को दोहराया कि राज्यपाल के पास बालाजी को बर्खास्त करने का कोई अधिकार नहीं है और इस मुद्दे से कानूनी रूप से निपटा जाएगा। राज्यपाल ने इस मामले में जल्दबाजी में और एकतरफा कार्रवाई की और बिना उचित सलाह-मशविरा के बालाजी को बर्खास्त कर दिया, जिसके चलते केंद्रीय गृह मंत्रालय को कहना पड़ा कि उन्हें इस मामले में अटॉर्नी जनरल से विचार-विमर्श करना चाहिए। इस घटनाक्रम के बाद राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा कि वह सेंथिल बालाजी की बर्खास्तगी के फैसले पर रोक लगा रहे हैं।

### राज्यपाल ने जल्दबाजी में किया फैसला

थेन्नारासू ने दावा किया कि रवि ने इस मामले में जल्दबाजी में फैसला लिया, इसलिए सरकार उनके कदम को पूरी तरह से नकारती है। राज्यपाल को कोई भी फैसला लेते वक्त दिमाग का इस्तेमाल करना चाहिए। इस बीच, द्रमुक के एक पदाधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा था, राज्यपाल अपने फैसले से पीछे हट गए हैं और उनका पूरी तरह से पर्दाफाश हो गया है। तमिलनाडु में द्रमुक को निशाना बनाने की भाजपा की हर चाल उल्टी पड़ रही है।

### सत्ता में आने के बाद स्टालिन का रुख: BJP

भाजपा की तमिलनाडु इकाई ने कहा कि 2018 में विपक्ष में रहने के दौरान द्रमुक ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर अन्नाद्रमुक के एक तत्कालीन मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की थी और जानना चाहा कि बर्खास्तगी पर राज्यपाल के कदम का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने अब अलग रुख क्यों अपनाया है। भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने कहा उनकी पार्टी इस मुद्दे पर नहीं जाना चाहती कि राज्यपाल के पास मंत्रिमंडल से मंत्री को विवेकानुसार बर्खास्त करने की शक्ति है, या नहीं।

### राज्यपाल का फैसला तानाशाही: सुप्रिया सुले

**मुंबई।** राकांपा की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने तमिलनाडु में कैबिनेट मंत्री को बर्खास्त करने के राज्यपाल आर. एन. रवि के फैसले को 'तानाशाही' करार दिया है। सुले ने शुक्रवार को यहां पत्रकारों से कहा कि राज्यपाल ने ऐसा व्यवहार किया, मानो वह तमिलनाडु के नहीं, बल्कि भाजपा के राज्यपाल हों। सुले ने कहा, ये तानाशाही है। कहां है संविधान और लोकतंत्र? अगर ऐसी घटना तमिलनाडु में हो सकती है तो अन्य राज्यों में भी हो सकती है।

### राज्यपाल को पद से हटाया जाए: भाकपा

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन ने तमिलनाडु के राज्यपाल को अपने अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन करने' के लिए पद से हटाने की मांग की। भाकपा (माले) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा, रवि बार-बार अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन कर रहे थे और राज्यपाल के दुस्साहसिक कृत्यों में लिप्त थे। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के अहंकार से राज्यपाल का हौसला बढ़ गया है। हर गैर-भाजपा सरकार के साथ दुश्मन जैसा व्यवहार किया जा रहा है।

## जरूरी खबर

### संबंधों में गिरावट चीन की वजह से आई: जयशंकर



**कोलकाता।** देश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों में मौजूदा गिरावट भारत की ओर से नहीं, बल्कि चीन की ओर से पैदा की गई है। विदेश मंत्री ने कहा कि ताली दोनों हाथों से बजती है और किसी रिश्ते को चलाने के लिए दोतरफा प्रयास जरूरी होता है। मंत्री ने यहां नया भारत और विश्व विषय पर श्यामा प्रसाद व्याख्यान देने के बाद यह बात कही। जब उनसे पूछा गया कि क्या दो एशियाई दिग्गजों के बीच कामकाजी संबंध हो सकते हैं, तो उन्होंने कहा,अंततः ताली बजाने के लिए दो हाथों की जरूरत होती है और चीन को भी व्यावहारिक रिश्ते में विश्वास होना चाहिए।

### आपराधिक गिरोहों पर नजर रखेगा एनआईए

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने देश के उत्तरी क्षेत्र में गिरोहों के नेटवर्क और विदेशों में सक्रिय आतंकवादी संगठनों के खिलाफ समय पर सूचना साझा करने और समन्वित कार्रवाई के लिए शुक्रवार को हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ की पुलिस के साथ सामूहिक संस्थागत तंत्र की स्थापना की घोषणा की। एनआईए और तीनों राज्यों के पुलिस बल के प्रमुखों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए एनआईए के महानिदेशक दिनकर गुप्ता ने संगठित अपराध से मुकाबले के लिए समन्वित कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया।

### आंध्र प्रदेश: दवा कंपनी में विस्फोट, दो लोगों की मौत

**अच्युतापुरम (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश में अनाकापल्ली जिले के अच्युतापुरम में स्थित सहिती फार्मा कंपनी में शुक्रवार को हुए विस्फोट के बाद दो लोगों की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से झुलसे पांच लोगों का इलाज जारी है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि विस्फोट में 90 फीसदी तक झुलसे दो लोगों ने विशाखापत्तनम के केजीएच अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। राज्य सरकार ने एक बयान में बताया कि विस्फोट के समय संयंत्र में 35 लोग थे और उनमें से ज्यादातर सुरक्षित रूप से वहां से निकल गए। पुलिस ने बताया कि विस्फोट पूर्वाह्न लगभग 11.45 बजे अच्युतापुरम विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) में फार्मा कंपनी के 'सॉल्वेंट रिकवरी प्लांट' में सॉल्वेंट भरते समय हुआ।

## महाराष्ट्र-गुजरात समेत कई राज्यों में झमाझम



*मुंबई। दिल्ली समेत देश के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश का दौर जारी है। गुजरात के कई इलाकों व महराष्ट्र में मुंबई में भारी बारिश हुई है। मुबई में झीलों का जलस्तर लगातार बारिश के कारण बढ़ गया है। बिहार में भी अच्छी बारिश हुई है। चित्र में गुजरात के जामनगर में भारी बारिश से शहर में भरे पानी से होकर गुजरते लोग। इनसेट में मुंबई में बारिश के बीच गुजरते हुए लोग।* -पीटीआई

### देशभर से आए कार्यकर्ताओं से मिले खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को देशभर से आए कुछ पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करके उनसे 'फीडबैक' लिया। यह बैठक अकबर रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय में हुई। खरगे ने कहा कि वह देशभर के पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलना जारी रखेंगे। पार्टी नेताओं ने कहा कि बैठक प्रमुख रूप से राज्य और आगामी आम चुनाव से पहले संगठन को मजबूत करने के प्रयासों का हिस्सा थी। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस अध्यक्ष नियमित रूप से पार्टी कार्यकर्ताओं से मिला करते थे, लेकिन हाल के वर्षों में यह परिपाटी बंद कर दी गई थी। बैठक के बाद शुक्रवार को खरगे ने हिंदी में ट्वीट किया, कांग्रेस भारत की आत्मा है। कांग्रेस का हर कार्यकर्ता हमारे संविधान का प्रतिनिधित्व करता है। हम सब किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं।

### दिल्ली विश्वविद्यालय शताब्दी समारोह: तीन भवनों का शिलान्यास

# हमारी यूनिवर्सिटीज की वैश्विक पहचान और बढ़ी: पीएम मोदी

**एजेंसी | नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि शिक्षा की भविष्योन्मुखी नीतियों और निर्णयों का परिणाम है कि आज भारतीय विश्वविद्यालयों की वैश्विक पहचान बढ़ रही है। उन्होंने हाल के वर्षों में आईआईटी, आईआईएम, एम्स की संख्या में हुई वृद्धि का हवाला दिया और कहा कि यह सभी संस्थान नए भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के जरिए इस बात पर ध्यान केंद्रित किया गया कि छात्र सीखना क्या चाहते हैं जबकि पहले ध्यान इस बात पर दिया जाता था कि छात्रों को पढ़ाया क्या जाए। प्रधानमंत्री ने दिल्ली विश्वविद्यालय कंप्यूटर सेंटर, प्रौद्योगिकी संकाय भवन और अकादमिक ब्लॉक की आधारशिला भी रखी।



- 01 मई 1922 को हुई थी दिल्ली विश्वविद्यालय की स्थापना
- 100 वर्षों में हुआ है काफी विस्तार
- 90 कॉलेज व 86 विभाग हैं अब
- 06 लाख से अधिक विद्यार्थी ले चुके हैं डिग्री

#### दुनिया में देश का सम्मान व प्रतिष्ठा बढ़ी



अमेरिका की अपनी हालिया राजकीय यात्रा का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की क्षमता में वृद्धि के साथ-साथ देश के युवाओं में दुनिया के विश्वास के कारण आज दुनिया में देश के सम्मान और प्रतिष्ठा में इजाफा हुआ है। भारत और अमेरिका के बीच महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर पहल (आईसीईटी) को लेकर हुए एक समझौते मात्र से देश के युवाओं के लिए जमीन से लेकर अंतरिक्ष और सेमीकंडक्टर से लेकर कृत्रिम मेधा तक में नए अवसर पैदा होंगे।

#### मेट्रो से पहुंचे विश्वविद्यालय

पीएम मोदी ने समारोह के समापन कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार को मेट्रो की सवारी की। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, दिल्ली मेट्रो से दिल्ली विश्वविद्यालय के कार्यक्रम के लिए जाते समय। युवाओं को अपने सह-यात्री के रूप में पाकर खुश हूं। पीएम ने ट्विटर पर फोटो भी शेयर की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने यात्रियों से संवाद भी किया।

#### कार्यकर्ताओं की नजरबंदी का दावा

भाकपा माले की छात्र इकाई आइसा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि पीएम मोदी के दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के दौरे से पहले उसके कार्यकर्ताओं को उनके घरों के अंदर "हिरासत में" रखा गया और उन्हें बाहर जाने की अनुमति नहीं दी गई। हालांकि, दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि किसी भी छात्र को हिरासत में नहीं लिया गया है।

### पांच साल की आरडी पर बढ़ा लाभ

## कुछ बचत योजनाओं पर बढ़ी ब्याज दरें, PPF में कोई बदलाव नहीं

**एजेंसी | नई दिल्ली**

सरकार ने जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए आवर्ती जमा समेत कुछ बचत योजनाओं पर शुक्रवार को ब्याज दर 0.3 प्रतिशत तक बढ़ा दी। लेकिन सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) पर मिलने वाले ब्याज में कोई बदलाव नहीं किया गया है और यह 7.1 प्रतिशत पर बरकरार रखी गई है। वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, सबसे ज्यादा 0.3 प्रतिशत ब्याज पांच साल के आवर्ती जमा (आरडी) पर बढ़ाया गया है। इससे चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में आवृत्ति जमा धारकों को 6.5 प्रतिशत ब्याज मिलेगा जो अब तक 6.2 प्रतिशत था। ब्याज दरों की समीक्षा के बाद डाकघरों में एक साल की मियादी जमाओं (एफडी) पर ब्याज 0.1 प्रतिशत बढ़कर 6.9 प्रतिशत मिलेगा। वहीं दो साल की मियादी जमा पर ब्याज अब 7.0 प्रतिशत होगा जो अब तक 6.9 प्रतिशत था।



#### इन योजनाओं पर ब्याज दरें यथावत

तीन साल और पांच साल की मियादी जमाओं पर ब्याज को क्रमश: 7.0 प्रतिशत और 7.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र पर भी एक जुलाई से 30 सितंबर, 2023 तक के लिये ब्याज को 7.7 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। सुकन्या समृद्धि योजना पर भी ब्याज दर 8.0 प्रतिशत पर अपरिवर्तित है। वरिष्ठ नागरिक बचत योजना और किसान विकास पत्र पर ब्याज क्रमश: 8.2 प्रतिशत और 7.5 प्रतिशत रहेगा। लघु बचत योजना पर ब्याज दरें तिमाही आधार पर अधिसूचित की जाती हैं।

**यहां बदलाव नहीं:** दूसरी ओर मासिक आय योजना पर ब्याज में कोई बदलाव नहीं किया गया है और इस पर पहले की तरह 7.4 प्रतिशत ब्याज मिलता रहेगा।

### 3,400 तीर्थयात्रियों का पहला जत्था जम्मू से रवाना

## कड़ी सुरक्षा के बीच यात्रा आज से शुरू

**एजेंसी | जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को शुक्रवार सुबह यहां भगवती नगर शिविर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस जत्थे में करीब 3,400 तीर्थयात्री शामिल हैं। 62 दिवसीय यह तीर्थयात्रा शनिवार को कश्मीर से शुरू होगी। इस यात्रा के लिए दो मार्ग हैं। पहला, अनंतनाग जिले का 48 किलोमीटर लंबा पारंपरिक



नुनवान-पहलगाम मार्ग है। वहीं दूसरा गांदरबल जिले का बालटाल मार्ग है, जो करीब 14 किलोमीटर छोटा लेकिन बेहद दुर्गम है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सेना, पुलिस और सीआरपीएफ के जवान जगह जगह मुस्तैदी से तैनात हैं।

#### 3.5 लाख श्रद्धालुओं ने कराया पंजीकरण

यात्रा के लिए अब तक करीब 3.5 लाख श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं और यह संख्या बढ़ने की संभावना है। जम्मू के उपायुक्त अवनी लवासा ने बताया कि जम्मू में 33 आवास केंद्र स्थापित किए गए हैं, जबकि पंजीकरण केंद्रों पर 'रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन' टैग जारी किए जाएंगे।

### 700 मेगावाट का स्वेदशी एटमी रिएक्टर शुरू

**नई दिल्ली।** गुजरात में काकरापार परमाणु ऊर्जा परियोजना में भारत के पहले स्वदेशी रूप से विकसित 700 मेगावाट क्षमता के परमाणु ऊर्जा रिएक्टर ने शुक्रवार को वाणिज्यिक परिचालन शुरू कर दिया। केएपीपी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हमारी पहली स्वदेशी 700 मेगावाट की इकाई, केएपीपी-3, में शुक्रवार सुबह 10 बजे परिचालन शुरू हो गया।

## मड फेस्टिवल... कृष्ण की लीला में डूबा गोवा



*मारसेल(गोवा)। गोवा के मारसेल में पारम्परिक चिखल खालो उत्सव में शुक्रवार को भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं को साकार किया गया है।इसे मड फेस्टिवल के रूप में मनाया जाता है।*

### राहुल गांधी का मणिपुर दौरा.. कहा-

# हिंसा कोई समाधान नहीं, शांति से ही बढ़ सकेंगे आगे

**एजेंसी | इंफाल**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके से मुलाकात करने के बाद हिंसाग्रस्त राज्य में शांति के लिए समाज के सभी वर्गों से शुक्रवार को अपील की और कहा कि हिंसा कोई समाधान नहीं है। उन्होंने मणिपुर की घटनाओं को एक त्रासदी बताया जो राज्य और देश के लिए दर्दनाक है। गांधी ने राजभवन के बाहर पत्रकारों से कहा, शांति के लिए जो भी जरूरी होगा, मैं उसके लिए तैयार हूं। शांति ही आगे बढ़ने का रास्ता है और हर किसी को अब शांति के बारे में बात करनी चाहिए और उसकी ओर बढ़ना शुरू करना चाहिए। इस राज्य में शांति का



माहौल कायम करने के लिए मैं हर संभव मदद करूंगा। उन्होंने इंफाल, चुराचांदपुर और मोइरांग में विभिन्न राहत शिविरों के अपने दौरों और सभी समुदायों के लोगों के साथ अपनी बैठकों के बारे में बताया।

#### शिविरों में सुविधाओं में सुधार की जरूरत

गांधी ने पत्रकारों से कहा, "एक बात जो मैं सरकार से कहना चाहूंगा, वह यह है कि शिविरों में बुनियादी सुविधाओं में सुधार की जरूरत है। भोजन में सुधार की जरूरत है। दवाओं की आपूर्ति की जानी चाहिए। शिविरों से इस संबंध में शिकायतें आई हैं। कांग्रेस के सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल ने आश्वासन दिया कि जातीय हिंसा से प्रभावित राज्य में शांति बहाल करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

#### मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं: बीरेन

मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन एन सिंह ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि वह अपने पद से इस्तीफा नहीं दे रहे हैं। मुख्यमंत्री की इस घोषणा के साथ ही उनके इस्तीफे संबंधी अफवाहों पर विराम लग गया है। बीरेन सिंह द्वारा स्थिति स्पष्ट किए जाने से पहले बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के काफिले को राजभवन की ओर बढ़ने से रोक दिया था।उन्होंने महिला प्रदर्शनकारियों से कहा कि वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दे रहे हैं। सिंह ने एक ट्वीट में कहा, ऐसे संकट के समय में मैं सीएम पद से इस्तीफा नहीं दूंगा।

### वायुसेना की रीढ़ होगा तेजस

## अगले साल फरवरी से मिलेगा तेजस एमके-1ए

**एजेंसी | नई दिल्ली**

रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय वायुसेना को अगले साल फरवरी से हल्के लड़ाकू विमान तेजस एमके-1ए की आपूर्ति मिलने की उम्मीद है और स्वदेश निर्मित जेट का नया संस्करण अत्याधुनिक मिसाइलों सहित अनेक तरह के अस्त्र दागने में सक्षम होगा। वायुसेना में सेवा में तेजस के सात साल पूरे होने के बीच मंत्रालय ने कहा कि विमान और इसके भविष्य के संस्करण वायुसेना का मुख्य आधार बनेंगे। फरवरी 2021 में, मंत्रालय ने भारतीय वायुसेना के वास्ते 83 तेजस एमके-1ए जेट की खरीद के लिए सरकार संचालित प्रमुख वैमानिकी कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ 48,000 करोड़ रुपए का सौदा किया था। तेजस एकल इंजन वाला बहुउद्देश्यीय लड़ाकू विमान है जो उच्च खतरे वाले हवाई वातावरण में काम करने में सक्षम है। इस हल्के लड़ाकू विमान को खरीदने में गहरी दिलचस्पी दिखाने वाले देशों में मिस्र, अर्जेंटीना, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, मलेशिया और फिलीपीन शामिल हैं। शनिवार को एलसीए वायुसेना में अपनी सेवा के सात साल पूरे कर लेगा। तेजस पर वायुसेना का भरोसा 83 एलसीए एमके-1ए के ऑर्डर से दिखता है।

## बॉलीवुड स्टार शिल्पा शेट्टी ने प्रतिभाओं को दिए इंडो इंटरनेशनल अचीवर्स अवॉर्ड

# 70 अचीवर्स का 40 कैटेगरीज में सम्मान



**बेधड़क, जयपुर।** अपने क्षेत्र में वर्षों तक बेस्ट करने के बाद जब बॉलीवुड अदाकारा के हाथों ट्रॉफी मिली तो भावुकता सामने आई। सामने बैठे परिजन और साथी भी रोमांचित हो उठे। दूसरी ओर बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी की मौजूदगी और स्टाइल सभी को आकर्षित कर रहा था। जयपुर के मंच पर ये नजारा था होटल मेरिएट में इंडो इंटरनेशनल अचीवर्स अवॉर्ड-2023 का, जिसमें अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के साथ समाज में मूल्यवान स्थान बना चुके 70 लोगों को सम्मानित किया गया। 40 से ज्यादा कैटेगरीज फैशन, एजुकेशन, बिजनेस, आर्ट एंड कल्चर, मेडिकल, जूलरी, ब्लॉगर, एफ एंड बी, डिफेन्स में चयन किया गया। प्रोग्राम में फैशन सीक्वेंस हुआ, जिसमें एलीट मिस राजस्थान के टैलेंट ने रैंप पर नए ट्रेंड्स को शोकेस किए। साथ ही कॉमेडी नाइट्स विद कपिल फेम कॉमेडियन और एंकर विकल्प मेहता ने दर्शकों को गुदगुदाया।



फोटो: पंकज शर्मा

### इनको किया सम्मानित

शिल्पा शेट्टी ने बेस्ट क्रिप्टो टोकन इन इंडिया के लिए बिट फार्मा टोकन, सोशल एक्टिविस्ट डॉ. प्रीती सोनी, बेस्ट फैशन डिजाइनर गौरव गुप्ता, बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट जसमीत कौर, बेस्ट जूलरी डिजाइनर रिंकू सैनी, बेस्ट पीआर एजेन्सी इन राजस्थान स्पॉट्लाइट पीआर, बेस्ट इन द फील्ड ऑफ आर्ट एंड कल्चर रश्मि गुप्ता, बेस्ट डायटीशियन निशिका आदि कैटेगरीज में अवॉर्ड्स दिए।

### रैंप पर समर कलेक्शन

इस मौके पर हुए रैंप शो में मॉडल्स ने समर कलेक्शन शोकेस किए, जिसमें फ्लावर प्रिंट के साथ फ्यूजन खास रहा। साथ ही हेवी ड्रेसेज भी शोकेस हुईं। शिल्पा ने जयपुर के इस फैशन को मोटिवेट किया। अंत में एक्ट्रेस के साथ फोटोज क्लिक कराने के लिए जयपुराइट्स में उत्साह दिखा। सभी स्टेज के पास जाकर फोटोज लेने की कोशिश करते नजर आए। ऐसे में शिल्पा ने सभी का अपनी चिर परिचित स्माइल के साथ हाथ हिलाते हुए अभिवादन किया।

## माताजी से लिया आशीर्वाद



**बेधड़क. जयपुर।** जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर के लिए चातुर्मास के लिए विहार रत आर्यिका 105 विशेष मति माताजी का गणिनी आर्यिका भर्तेश्वरमति माताजी का बगरू में मधुर मिलन हुआ। समाज ने जैन मोहल्ला में सभी का स्वागत किया। विशेष मति माताजी ने वहां गणिनी आर्यिका भर्तेश्वर मति माताजी से आशीर्वाद प्राप्त किया। जैन मोहल्ला से जुलूस के रूप में गाजे बाजे के साथ दोनों संघ ने जैन मंदिर में प्रवेश किया  जहां धर्म सभा हुई। रास्ते में जगह जगह समाज ने आर्यिकाओं का पाद प्रक्षालन और आरती की। विशेष मति माताजी की कल बड़ के बालाजी में आहारचर्या संभावित है।

## शिव महापुराण आज से

**बेधड़क. जयपुर।** पानीपेंच नेहरू नगर स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में संगीतमय दिव्य शिव महापुराण कथा का आयोजन एक जुलाई से किया जाएगा। यह कथा सात दिन चलेगी। कथा 7 जुलाई तक तक दोपहर 2 से 5 बजे तक होगी। प्रवक्ता मोहनलाल अग्रवाल ने बताया कि कथावाचक धनश्रीराम मधुरमय वाणी से शलोकों के माध्यम से श्रोताओं को कथा का रसपान कराएंगे।

## फैशन वॉक का पोस्टर लॉन्च



**बेधड़क. जयपुर।** पिंक कांसेप्ट्स की ओर से 16 जुलाई को होने जा रहे इण्डिया किड्स फैशन वॉक सीजन-6 का पोस्टर लॉन्च संत प्रबुद्धानंद सरस्वती व हाथोज धाम के पीठाधीश्वर बालमुकुंदाचार्य महाराज ने किया। आयोजक अमन वर्मा ने बताया कि इस मौके पर भारतीय हिंदी साहित्य परिषद के चांसलर व वरिष्ठ विधिवेत्ता डॉ. एचसी गणेशिया, एसजीएम आउटडोर के डायरेक्टर जेडी माहेश्वरी, फैशन डिजाइनर हिना बेलानी, जितेंद्र कुमावत, पूर्व उप-महापौर मनोज भारद्वाज, मिस एंड मिसेज इंडिया ग्लैम ऑर्गेनाइजेशन फाउंडर डायरेक्टर पवन टांक, ज्योति टांक, मिसेज इंडिया ग्लैम-2023 सुमन ब्याडवाल, मिसेज इंडिया ग्लैम राजस्थान-2023 अंजू यादव, मिस इंडिया ग्लैम फर्स्ट रनरअप अभिषेकता तंवर, सैकंड रनअप दीपिका सिंह नरुका, थर्ड रनरअप अंकिता राजपूत, हर्षिता तंवर, हिना शर्मा मौजूद रहे। फैशन वॉक के लिटिल मॉडल्स मिशिता बधावन, अविरल सिंह, मिशिका बधावन, कृष्णा शर्मा, पूर्वी खेमानी, कियारा रामचंदानी, प्रेक्षा चंदानी, विदिशा व कवीशा खुराना ने स्टाइलिंग पोज दिए।

## City इवेंट्स

### अवॉर्ड जीतने का मनाया जश्न




**बेधड़क, जयपुर।** रोटरी क्लब जयपुर रॉयल द्वारा आभार-2022-23 कार्यक्रम में गेट टू गेदर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3054 के मेंटर डॉ. अशोक गुप्ता, डीजी डॉ. बलवंत सिंह चिराना, विशिष्ट अतिथि पीडीजी व डिस्ट्रिक्ट ट्रेनर अजय काला, पीडीजी रमेश अग्रवाल और डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी जनरल रो. नीरज अग्रवाल थे। रोटरी क्लब जयपुर रॉयल अध्यक्ष अरुण बगड़िया ने उदयपुर में डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड सेरेमनी में क्लब को मिले 40 अवॉर्ड के लिए मौजूद सदस्यों का आभार जताया। क्लब की फर्स्ट लेडी पूनम बगड़िया व अरुण बगड़िया ने सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में क्लब सदस्यों ने गीतों और डांस की प्रस्तुतियां दीं। क्लब के वरिष्ठ सदस्य जे एस चांवला, रतन सिंह अरोड़ा, सीए राकेश गुप्ता, संजय कौशिक, हेमेंद्र शर्मा, पीसी जैन, हरीश खत्री, संदीप धींगरा, बिष्णु बिरला, रोटरी क्लब जयपुर राउंड टाउन के राजेश शर्मा, रोटरी क्लब जयपुर पर्ल की गायत्री शर्मा, रेखा कौशिक, अनुराधा शर्मा सहित क्लब के सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम संचालन वरिष्ठ रोटेरियन संजय कौशिक ने किया।

### प्रवीण शर्मा प्रचार मंत्री नियुक्त



**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा के महानगर अध्यक्ष गोविंद शर्मा जौहरी ने प्रदेश अध्यक्ष केसरी चन्द भंवर लाल शर्मा की अनुशंसा पर महासभा के संविधान में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रवीण शर्मा को महानगर प्रचार मंत्री पद पर नियुक्त किया गया। शर्मा ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि महासभा को गति मिले और समाज हित में और कार्य करें।

### महिला कलाकारों ने शेयर की जर्नी



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर के मंच पर 5 महिला कलाकारों ने अपनी जर्नी कला के जरिए जाहिर की। मंच पर बचपन, दोस्ती, परिवार, प्यार को प्रस्तुतियों में साझा किया गया। ये अनूठा प्रोग्राम था जयपुर विरासत फाउंडेशन और एलायंस फ्रांसेस की ओर से जेकेके में म्यूजिकल थएटर 'मैं जो करती क्यों करती'। प्रस्तुति देने वाली महिला लोक कलाकारों में हनीफा खान मांगणियार, कमला देवी भट्ट, ममता सपेरा, मेवा सपेरा और प्रेम कंवर डांगी शामिल थीं। जयपुर विरासत फाउंडेशन (जेवीएफ) डायरेक्टर रक्षत हूजा ने बताया कि आयोजन के तहत 27 जून से राजस्थान की महिला लोक कलाकारों और थिएटर प्रैक्टिशनरों के साथ 4 दिवसीय आवासीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था।

## जयपुर सबरंग संस्था का सम्मान समारोह

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच पत्रकारों-कलाकारों का सम्मान



**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर सबरंग संस्था की ओर से पत्रकार एवं कलाकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सीनियर जर्नलिस्ट एलएल शर्मा, श्रवण शर्मा, पंकज सोनी, गिरिराज अग्रवाल, डॉ. जीनत कैफी, सर्वेश भट्ट, पूनम चन्द्रा एवं पब्लिक रिलेशन ऑफिसर कमल जोशी का सम्मान किया गया। इसके साथ ही कलाकारों में पं.रमेश मेवाल, राजेन्द्र जड़ेजा, रानू शर्मा, वेदांत शर्मा, पं.भंवरलाल राव, डॉ.सुरभि शर्मा समेत एक्टर समर्थ शांडिल्य और भी कई फनकारों को सम्मानित किया गया। संस्था अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (उत्तर-पश्चिम रेलवे) शशि किरण, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. एलसी भारतीय, पिंकसिटी प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष मुकेश मीणा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्था सचिव पं.राजेन्द्र राव ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत गुरु वंदना के साथ हुई। नवीका सिंह, अदिति एवं आध्या जैन की दमदार प्रस्तुति रही। खुशी प्रधान और शिल्पी शर्मा द्वारा कृष्ण चरित्र को दर्शाया गया। कोरियोग्राफी रीना प्रधान द्वारा की गई। हिवड़े रा पावणा रूपाली गॉड ने प्रस्तुत किया। मास्टर वेदांत ने तबला वादन, रमेश मेवाल ने मांड प्रस्तुत किया गया। चिरमी नृत्य रूपाली और एशानी के निर्देशन मे हुई। राजेंद्र जडेजा ने गजल, प्रकाश शर्मा ने घूमर प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर सुरभि शर्मा ने किया।

## राजस्थान ब्रजभाषा अकादमी की मासिक काव्य गोष्ठी

# बेरिन कै सम लागत है... चोरिन कुं रजनी उजियारी



**बेधड़क | जयपुर**

'व्यापारी तौ ईमानदार हौयगौ तौ हु बेईमान कहलावैगौ, बेरिन कै सम लागत है चोरिन कुं रजनी उजियारी, उत आयै गईं रजनी उजीयारी बारिश मूसलाधार भई ब्रजधाम भई' जैसी पंक्तियों से शायरों ने मैसेज दिए।

अवसर था राजस्थान ब्रजभाषा अकादमी की मासिक काव्य गोष्ठी में कवियों के रजनी उजियारी समस्या पूर्ति से संबंधित विषय को विभिन्न स्वरूपों में रेखांकित करने का। शायर लोकेश सिंह साहिल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न गोष्ठी की अध्यक्षता साहित्यकार डॉ. पूजा उपाध्याय ने की। अकादमी सचिव गोपाल गुप्ता ने बताया कि गोष्ठी में जयपुर के वरिष्ठ कवियों ने भाग लिया।

सेवानिवृत्त वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कवि वीके गौड़, वरिष्ठ कवि पैरोडी गीतकार वरुण चर्तुवेदी, डॉ. सुशीला शील, अरुण चतुर्वेदी, गीतकार विट्ठल, गोपीनाथ गोपेश, किशोर, वैद्य भगवान सहाय आदि शामिल हुए। इस अवसर पर अकादमी अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण शर्मा ने भरतपुर से मोबाइल पर समस्यापूर्ति व अमृत ध्वनि के छंद सुनाए। आठ वर्ष के ओजस्वी ने एकलय में शिवमार्तंड का पठन किया। कवि डॉ. लोकेश कुमार सिंह साहिल ने कहा कि ब्रजभाषा का कोई तोड़ नहीं। गौरतलब है अकादमी द्वारा रचनाकार सम्मान प्रतियोगिता का आयोजन भी जारी है। इसमें करीब 40 प्रतिभागियों ने दो-दो विधाओं में अब तक अपनी रचनाएं प्रेषित की हैं, जिन्हें निर्णायक मंडल द्वारा निर्धारित जांचकर्ताओं के पास भेजकर परिणाम घोषित किया जाएगा।

**पपेट शो 'आ छू'** | सप्त शक्ति ऑडिटोरियम में कलाकारों ने दिखाया कमाल

# पपेट्स ने इंसानों को दिया पर्यावरण संरक्षण का मैसेज

**बेधड़क | जयपुर**

पपेट्स ने इंसानों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश अपनी स्टेप्स में दिया। पपेट्स की जादूगरी ऐसी चली कि लोगों को उनसे सबक भी मिला।

नजारा था जवाहर कला केन्द्र में तैयार पपेट शो 'आ छू' के मंचन का, जो शुक्रवार को सप्त शक्ति ऑडिटोरियम में किया गया। जयपुर सैन्य छावनी के जवानों के बच्चों ने शो आनंद लिया। 'आ छू' में हाथी, सांप, गिलहरी, मकड़ी पपेट्स पात्र थे। जंगल में सभी जीव मिलझुल कर रहते हैं। खिलखिलाते फूल इनकी ऊर्जा का केन्द्र हैं। गिलहरी बानी डॉक्टर जीवों और फूलों के स्वास्थ्य का ख्याल रखती है।



दर्शकों को रोमांचित करते हुए हाथी मंच पर पहुंचता है। नटखट चींटी हाथी को सताने के लिए उसकी सूंड के पास पहुंच जाती है। परेशान हाथी छींक पड़ता है, जिससे फूल मुरझा जाते हैं। जांच में पता चलता है कि पानी की कमी से यह हाल हुआ है। पानी डालने पर फूल पहले की तरह खिलखिला उठते हैं। ये कहानी कलाकारों ने बेखूब दर्शाई और जंगल से इंसानों को मैसेज पहुंचा।

### पपेट्री एक्सपर्ट ने किया था ट्रेंड

गौरतलब है जवाहर कला केंद्र के जूनियर समर प्रोग्राम में पहली बार बच्चों के लिए मॉर्डन पपेट्री वर्कशॉप का आयोजन किया गया था। इसमें पपेट्री एक्सपर्ट उमेश कुमार और उनके साथी ने बच्चों को पपेट मेकिंग व संचालन की ट्रेनिंग दी। इस अनोखी क्लास में बच्चों ने फोम, प्लास्टिक के पाइप, बचे हुए कपड़ों आदि वेस्ट मटीरियल से पपेट्स बनाना सीखा।

### इन्होंने किया पपेट्स का संचालन

पपेट शो में वृतिका धाभाई, श्रेया अरोड़ा, चन्द्रिका जाजू, टीशा व्यास, भाव्या व्यास, गर्वित मोहिल, रिया बंसल, कनिष्क प्रधान, मनन वर्मा, निशा श्रोत्रिया, विजय कुमार, जय पाराशर, रोहित अग्रवाल, राजनंदिनी, काव्या शर्मा, अविशी शर्मा, अर्जुन शर्मा, कल्पना मौर्य ने अलग-अलग पपेट्स का संचालन किया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क


सच बेधड़क
जयपुर, शनिवार, 01 जुलाई, 2023


झुक के जीना सीखो ताकि दूसरों के आशीर्वाद भरे हाथ सहजता से आपके सिर तक पहुंच सकें। बिना झुके विवाद मिल सकता है, आशीर्वाद नहीं।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड ग्रुप एडिटर, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## हज यात्रियों ने की काबा की परिक्रमा...



*मक्का। सऊदी अरब में वार्षिक हज यात्रा के दौरान हजारों मुस्लिम हज यात्रियों ने शुक्रवार को मक्का स्थित ग्रैंड मस्जिद की पवित्र एवं चौकोर इमारत 'काबा' की परिक्रमा की। दरअसल, हज यात्रा-2023 में 26 जून से शुरू हुई है, यह 1 जुलाई तक चलेगी। माना जा रहा है कि भीषण गर्मी के बावजूद इस बार की हज यात्रा इतिहास की सबसे बड़ी होगी। -पीटीआई*

### एल्टन जॉन के कॉन्सर्ट में थिरक रहे थे राष्ट्रपति

## फ्रांस की कई शहरों में लगी है आग, मैक्रों की नीरो से तुलना

**एजेंसी** | पेरिस

पिछले तीन दिनों से फ्रांस जल रहा है। एक किशोर लड़के की हत्या के बाद से देश की सड़कों पर आगजनी और विरोध प्रदर्शन का नजारा आम है। वहीं, राष्ट्रपति मैक्रों इन सबसे बेखबर ब्रिटिश सिंगर एल्टन जॉन का कॉन्सर्ट एंजॉय करते दिखे। पिछले दिनों एक पुलिस ऑफिसर ने गलत तरह से ड्राइविंग करने के आरोप में एक लड़के को गोली मार दी थी। इसके बाद ही देश में हालात बेकाबू है। इनकी वजह से मैक्रों पहले ही विरोधियों के निशाने पर थे। इस वीडियो के आने के बाद विरोधियों के तेवर और हमलावर हो गए हैं। मैक्रों दुनिया के कुछ लोकप्रिय नेताओं में शुमार हैं। वीडियो आने के बाद सोशल मीडिया पर लोग मैक्रों की तुलना रोम के राजा नीरो से कर रहे हैं, जिसके बारे में कहावत है कि जब रोम जल रहा था, तब नीरो बांसुरी बजा रहा था।



### वीडियो ने मचाया बवाल

मैक्रों का वीडियो बुधवार की शाम को आया। वीडियो पेरिस के एकोर एरेना का है जहां पर मैक्रों एल्टन जॉन के फेयरवेल टूर का आनंद उठाने पहुंचे थे। मैक्रों की पत्नी ने एल्टन जॉन के साथ फोटो भी क्लिक करवाई। जॉन को फ्रांस के लीजन ऑफ ऑनर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक वीडियो और तस्वीर ने रातों रात लोगों के बीच नाराजगी पैदा कर दी है। मरीन ले पेन की नेता थिएरी मारियानी ने कहा, 'जब फ्रांस में आग लगी थी, मैक्रों, एल्टन जॉन के लिए तालियां बजा रहे थे।'

### 40,000 से ज्यादा पुलिस सड़कों पर

देशभर में अब तक 150 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। विरोध प्रदर्शन को दबाने के लिए 40,000 से ज्यादा पुलिस की तैनाती गुरुवार को की गई है। जब वीडियो से बवाल मचा तो मैक्रों ने हिंसा के बाद शुक्रवार को एक मीटिंग बुलाई है। उनके ऑफिस की तरफ से कहा गया है कि मीटिंग के लिए मैंक्रो ने ब्रुसेल्स की यात्रा को कैंसिल कर दिया। इस बीच किशोर की हत्या करने वाले पुलिसकर्मी ने हिरासत में रहते हुए परिवार से माफी मांगी है।


### SCO बैठक में शामिल होंगे पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ

## पीएम मोदी ने दिया न्योता

**एजेंसी** | इस्लामाबाद/नई दिल्ली

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद (सीएचएस) की 23वीं बैठक में भाग लेने के लिए तैयार हैं। यह बैठक अगले हफ्ते वर्चुअल मोड में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने दी है।

भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को निमंत्रण दिया था। एससीओ परिषद के राष्ट्राध्यक्षों की बैठक 4 जुलाई को वीडियो कॉन्फ्रेंस प्रारूप में आयोजित होनी है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा, "प्रधानमंत्री को एससीओ-सीएचएस में भाग लेने का निमंत्रण एससीओ के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में भारत के प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया था।" नेता महत्वपूर्ण वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे और एससीओ के सर्वोच्च स्वरूप, आगामी सीएचएस में एससीओ सदस्य देशों के बीच सहयोग के भविष्य पर भी बात करेंगे। एससीओ परंपरा के अनुसार, तुर्कमेनिस्तान को भी अध्यक्ष के अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।





### इनको भी किया गया आमंत्रित

छह अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय संगठनों के प्रमुखों को भी आमंत्रित किया गया है। ये संयुक्त राष्ट्र, आसियान, सीआईएस, सीएसटीओ, ईएईयू और सीआईसीए हैं। बयान में आगे कहा गया, "शिखर सम्मेलन का विषय एक सुरक्षित एससीओ की ओर है।" बता दें कि भारत ने अपनी अध्यक्षता में संबंधों को बढ़ावा देने की दिशा में काम किया है। साल 2022 में, भारत ने एससीओ की अध्यक्षता संभाली थी। यह अध्यक्षता भारत के पास सितंबर 2023 रहने वाली है। अब तक,भारत ने कुल 134 बैठकों और कार्यक्रमों की मेजबानी की है, जिनमें 14 मंत्री-स्तरीय बैठकें शामिल हैं।

### यह बोला पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय

विदेश मंत्रालय ने कहा, "सीएचएस में प्रधानमंत्री की भागीदारी क्षेत्रीय सुरक्षा और समृद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण मंच और क्षेत्र के साथ बढ़े हुए जुड़ाव के रूप में SCO को पाकिस्तान द्वारा दिए जाने वाले महत्व के बारे में बताती है।" एससीओ द्वारा जारी बयान के अनुसार, एससीओ के राष्ट्राध्यक्षों की बैठक 4 जुलाई को होने वाली है और इसकी अध्यक्षता पीएम नरेंद्र मोदी वर्चुअली करेंगे। दो एससीओ बॉडीज 'सेक्रेटेरियट और एससीओ आरएटीएस' के प्रमुख उपस्थित रहेंगे।

### किस बीमारी से पीड़ित हैं अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन!

## चेहरे पर निशान, व्हाइट हाउस ने बताया सच

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं। उनके चेहरे पर मौजूद निशान को लेकर हाल ही में काफी चर्चा हो रही है। व्हाइट हाउस ने आखिरकार 'रहस्यमय' निशान के बारे में बताया। बाइडेन के सचिवालय ने जानकारी दी कि राष्ट्रपति के चेहरे पर रिबन के कारण निशान दिखाई दे रहा है। हालांकि, व्हाइट हाउस की ओर से साफ किया गया है कि इसे लेकर चिंता की कोई बात नहीं है।



हाल ही में पत्रकारों ने बाइडेन के दोनों गालों पर एक अजीब छाप देखी। बाइडेन बुधवार सुबह शिकागो के लिए उड़ान भरने से पहले व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उस वक्त उनके गाल पर एक अजीब सा निशान नजर आया। कुछ लोगों का दावा है कि उन्होंने पहले भी बाइडन के गाल पर निशान देखा है। बुधवार को राष्ट्रपति के सहायक प्रेस सचिव एंड्रयू बेट्स ने कहा कि बाइडेन 'स्लीप एपनिया' से पीड़ित हैं।




## पाक: ईद की नमाज के दौरान 17 कैदी फरार

**कराची।** बलूचिस्तान प्रांत की चमन जेल से बकरीद की नमाज के दौरान 17 कैदी फरार हो गए, जबकि एक कैदी की जेल के सुरक्षाकर्मियों द्वारा चलाई गई गोली लगने से मौत हो गई। बलूचिस्तान के कारागार महानिरीक्षक मलिक शुजा कासी ने बताया कि हिंसा कुछ पुलिस गार्ड और कैदी घायल भी हुए हैं। कासी ने बताया कि घटना गुरुवार की है।

### सुपर मॉडल नाओमी कैंपबेल ने चौंकाया...

## तिरेपन साल की उम्र में बनी मां

**एजेंसी** | लास एंजिल्स

सुपरमॉडल नाओमी कैंपबेल 53 साल की उम्र में दूसरी बार मां बनी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया ऐप इंस्टाग्राम पर यह जानकारी साझा की। नाओमी कैंपबेल (53) ने अपने दूसरे बच्चे के जन्म की घोषणा करते हुए एक तस्वीर भी साझा की है, जिसमें वह अपनी दो साल की बेटी और नवजात शिशु के साथ नजर आ रही हैं।



सुपरमॉडल ने इंस्टाग्राम पर लिखा, "मेरे नन्हे दुलारे! तुमने मेरी जिंदगी को खुशियों से भर दिया है, तुम सब की आंखों के तारे हो। घर के लोग चारों ओर से तुम पर प्यार लुटा रहे हैं। तुम ईश्वर का अद्भुत उपहार हो, मेरे घर का चिराग हो! तुम ही मेरी दुनिया हो! इस घर में, हमारे परिवार में तुम्हारा स्वागत है!"

एक रियलिटी शो की प्रस्तोता नाओमी कैंपबेल ने लिखा, "मां बनने की कोई उम्र नहीं होती।" हालांकि उन्होंने अपने नवजात शिशु का नाम नहीं बताया।

### मेक्सिको: ग्लोबल वॉर्मिंग से फैली हीटवेव

## पारा 50 डिग्री पार... 100 की मौत

**एजेंसी** | मेक्सिको सिटी

मेक्सिको आग की भट्टी बना हुआ है। तापमान 50 डिग्री तक पहुंच गया है। बढ़ती गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। मेक्सिको के हेल्थ मिनिस्टर ने कहा कि पिछले दो हफ्तों में हीटवेव के कारण 100 लोगों की मौत हो चुकी है। देश के कुछ हिस्सों में तापमान 45 से 50 डिग्री सेल्सियस के बीच चल रहा है। वैज्ञानिक इस गर्मी की वजह ग्लोबल वॉर्मिंग बता रहे हैं। पूरी दुनिया में इसकी वजह से मौसम बदल रहा है। कहीं ग्लेशियर पिघल रहे हैं तो कहीं लगातार बारिश आने से बाढ़ का खतरा है। जंगलों की कटाई से भी गर्मी बढ़ रही है।



### 64% मौतें नुएवो लियोन में

आंकड़ों के मुताबिक 64% मौतें टेक्सास की सीमा से लगे उत्तरी राज्य नुएवो लियोन में हुईं। बाकी खाड़ी तट पर पड़ोसी तमाउलिपास और वेराक्रूज में थे। खुशी कि बात ये है कि हाल ही के दिनों में, तापमान में थोड़ी गिरावट आई है, क्योंकि बारिश शुरू हो चुकी है। हालांकि, कुछ उत्तरी शहरों में अब भी ज्यादा तापमान है। सोनोरा राज्य में, अकोन्ची शहर में बुधवार को अधिकतम तापमान 49 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### लगभग सभी मौतों का कारण है लू

मेक्सिको में इस महीने के तीन सप्ताह रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़ी। बिजली की डिमांड बढ़ने का असर पावर ग्रिड पर पड़ा और बिजली की सप्लाई बाधित हुई। मेक्सिको के स्वास्थ मंत्रालय ने कहा कि दो-तिहाई से अधिक मौतें 18 से 24 जून के बीच हुई हैं। पिछले साल इसी समय गर्मी से केवल एक मौत हुई थी। लगभग सभी मौतों का कारण लू लगना। कुछ मौतें पानी की कमी से हुईं। बारिश की शुरुआत हुई है. लेकिन इसका असर सभी राज्यों में नहीं है।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl